अपने अतिथि उद् ?बोधन में सुश्री मोनिका रेणुका सिंह ने कहा कि अभी चुनाव के समय मैने वृहद स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। मैंने पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। साधन नहीं होने एवं आर्थिक अभाव के कारण बहुत से ग्रामीणजन जिला चिकित्सालय सूरजपुर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। अगर इन क्षेत्रों में इस योजना का क्रियान्वयन करते हुए मोबाइल डिसपेन्शरी मल्टी सर्विस मोबाइल युनिट (वाहन) चलाया जाता है तो इससे अनेक ग्रामीणों को उनके गांव में उनके घर पर चिकित्सा लाभ दिया जा सकेगा। विजयराज अग्रवाल द्वारा आज जिस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है, मैं उसका तहेदिल से स्वागत करती हूं और इस योजना के क्रियान्वयन के लिये मेरी जो भी आवश्यकता होगी उसे मैं यथासंभव पूरा करने का प्रयास करूंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा कि संस्था इस कार्यक्रम को विगत् कई वर्षों से सचालित कर रही है। इस कार्यक्रम को और प्रभावी स्वरूप प्रदान करने के लिये हमारे द्वारा मोबाइल डिसपेन्शरी मल्टी सर्विस मोबाइल युनिट प्रारंभ किया जा रहा है। इसका उ?द्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके दरवाजे पर प्राथमिक निवारक, उपचारात्मक, प्रोत्साहन और रेफरल सेवायें प्रदान करना है। लोगों को नैदानिक सुविधाओं के साथ आवश्यक गुणवत्ता वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना है और जिला सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के साथ समन्वय करते हुए सभी जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम के तहत् संस्था के द्वारा एक वाहन को एक बाह्य रोगी क्लीनिक के रूप में तैयार किया गया है जिसमें बुनियादी प्रयोगशाला, जांच के लिये एक्जामिन टेबल, रोशनी, आक्सीजन सिलेण्डर, जीवन रक्षक दवाइयां इत्यादि होगी और साथ में चिकित्सा दल होगा। इस वाहन को उन दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा जावेगा, जहां अस्पताल या चिकित्सकीय सुविधाओं का अभाव होगा। आज का ये स्वास्थ्य विषयक कार्यक्रम वी.एम. कालेज आफ नर्सिंग परिसर में किया गया। इसी कार्यक्रम में वी.एम. कालेज आफ नर्सिंग की फोर्थ इयर की छात्र-छात्राओं को फेयरवेल पार्टी भी दी गई। फोर्थ इयर की छात्र-छात्राओं के द्वारा इस अवसर पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई। आज के इस कार्यक्रम में राजकिशेर चौधरी, संस्कार अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, डा0 पिंकी अग्रवाल, रंजन सोनी एवं दीपक कसेरा भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मंच संचालन वी.एम. कालेज आफ नर्सिंग की प्राध्यापिका ऋचा गुप्ता के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वी.एम. कालेज आफनर्सिंग के प्राचार्य श्री आदित्य सिंह, स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

संक्षिप्त समाचार

कपड़ा व्यवसायी की निर्मम हत्या से फैली सनसनी

बिलासपुर(विश्व परिवार)। तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिलतरा में कपड़ा व्यवसायी की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। कारोबारी का शव उसके घर में मोटरसाइकिल के नीचे दबा मिला, और शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस सभी संभावित एंगल से मामले की जांच कर रही है। घटना बीती रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक कपड़ा व्यवसायी रशिक लाल गुप्ता की पत्नी ने पंचायत चुनाव में वार्ड पंच पद के लिए चुनाव लड़ा था, जिससे इस हत्याकांड को चुनावी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके अलावा, बताया जा रहा है कि रशिक गुप्ता शराब पीने का आदी था। फिलहाल पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में एडिशनल एसपी अर्चना झा ने बताया कि मामला संदेहास्पद है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है।

महाकुंभ के गंगाजल से जेल के कैदियों ने किया स्नान

कोरबा(विश्व परिवार)। जिला जेल में एक अनोखी पहल करते हुए कैदियों ने महाकुंभ से लाए गए गंगाजल से सामूहिक स्नान किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा की पहल पर हुआ, जिन्होंने हाल ही में महाकुंभ से गंगाजल लाया था। इस विशेष अवसर पर राज्य के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल के कैदी गंगाजल से स्नान कर रहे हैं। कैदियों द्वारा इस स्नान के माध्यम से मानसिक और आत्मिक शांति की प्राप्ति की आशा जताई जा रही है। इसी कड़ी में कोरबा जिला जेल के जेलर विज्ञानंद सिंह ने बताया कि जेल प्रशासन ने इस आयोजन को लेकर विशेष व्यवस्था की है और कैदियों के बीच धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व को बढ़ावा देने के लिए इसे एक सकारात्मक कदम बताया है। इस आयोजन के दौरान कैदियों ने गंगाजल से स्नान करने के बाद पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और अपने अपराधों के लिए क्षमा मांगने के लिए प्रार्थना की। गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस आयोजन के लिए जेल प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करेगा। इस आयोजन के साथ, कोरबा जिला जेल प्रशासन ने कैदियों के लिए एक अनोखी पहल की है, जिससे उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर मिलेगा।

माजदा वाहन ने स्कूटी सवार का सिर धड़ से अलग

बलौदाबाजार(विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ बलौदाबाजार जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी पर तेज रफ्तार माजदा वाहन ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि युवक का सिर धड़ से अलग हो गया. इस घटना से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है. यह घटना कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम छांछी बस स्टैंड के पास घटी है. मृतक युवक स्कूटी पर सवार होकर कसडोल से शिवरीनारायण मेले में जाने के लिए निकला था. हादसे के समय उसके साथ एक अन्य युवक भी मौजूद था, जो गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक को इलाज के लिए तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, मृतक कसडोल के इंदिरा कॉलोनी का निवासी था. घटना की सूचना मिलते ही कसडोल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है.

सूरजपुर जिला के वरिष्ठ पत्रकार अजय गुप्ता के माता श्री सोमरा देवी गुप्ता का निधन

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)- सूरजपुर जिला के वरिष्ठ पत्रकार अजय गुप्ता अज्जू की माता श्री सोमरा देवी गुप्ता का आज दुखद निधन हो गया ।गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य व पूर्व जिला समन्वयक श्री लोचन प्रसाद गुप्ता की धर्म पत्नी, वरिष्ठ पत्रकार अजय गुप्ता व विजय गुप्ता की माताश्री थी। श्रीमती सोमरा देवी का बीती रात स्वर्गवास होने की खबर जैसे नगर वासियों को लगी लोग सांत्वना देने श्री गुप्ता के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी। आज उनकी अंतिम संस्कार रेणुका नदी तट स्थित मुक्ति धाम में किया गया। लोगों ने दिवंगत आत्मा को शांति के तथा परिजनों को इस दुखद घड़ी में दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की मुखानी छोटे पुत्र विजय गुप्ता ने दी।

संपादकीय

बजट में विशेष प्रावधान

उप्र की योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आठ लाख करोड़ का सबसे बड़ा बजट पेश किया। इसकी खासियत इंफ्रास्ट्रक्चर, गरीब, युवा, किसान, महिलाएं, धार्मिक पर्यटन रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पर्यटन स्थलों के लिए 400 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए। अयोध्या व मथुरा के लिए क्रमश- 150-125 करोड़ रुपये तथा नैमीषारण्य के लिए सौ करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है। मलिन बस्तियों के विकास के लिए 400 करोड़ व अर्बन फ्लड स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजना को हजार करोड़, स्मार्ट सिटी योजना को 450 करोड़, बेसहारा पशुओं के आश्रय के लिए 450 करोड़ रुपये का ऐलान किया। देश के अन्य राज्यों की खुद के कर प्राप्तियों में उप्र का अंश 2024-25 में 11.6त्न रहा, जो महाराष्ट्र के बाद सर्वाधिक है। चूंकि जनवरी 24 से दिसम्बर 24 के दरम्यान राज्य में 65 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। जिनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या 14 लाख बताई जा रही है। इसी माह केवल महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वालों की संख्या 54 करोड़ आंकी जा रही है। इस सबसे सरकार को होने प्राप्त वाले जीएसटी, राजस्व व अन्य करों का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। मंदिरों को चढने वाले चढ़ावे में राम मंदिर तीसरे स्थान पर आ चुका है। ऊर्जा, लिंक-एक्सप्रेस-वे, सड़कों व पुलों के निर्माण के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने के पीछे सरकार की मंशा आम नागरिक को प्रभावित करने की भी है। हालांकि कृत्रिम मेधा व साइबर सुरक्षा को 5 व 3 करोड़ रुपये देने के ऐलान ने स्पष्ट किया कि सरकार कुछ मामलों में सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। इन आठ सालों में सड़कों की स्थिति बेहतर हुई है, मगर सरकार के पास वाहनों के लगातार बढ़ते दबाव व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की कोई स्कीम नहीं है। सड़कों, एक्सप्रेस-वे, पुलों व मेट्रो के निर्माण के चलते शहरों/महानगरों की व्यवस्था चरमरा जाती है। शिक्षा-व्यवस्था, छात्रों व बेरोजगारों के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए सरकार को बेहतर कदम उठाने होंगे। हर सेक्टर को धन मुहैया कराने की आंकड़ेबाजी तो बस रवायत है। इसका असर निचले स्तर पर व्यावहारिक तौर पर नजर भी आना जरूरी है।

आलेख

तीन साल में पूरा करना है यमुना नदी को साफ करने का लक्ष्य

कमल नैन नारंग

दिल्ली में बहुमत के साथ बीजेपी की सरकार बनने के बाद दिल्ली में यमुना की सफाई को लेकर सरकार एक्शन में है। सीएम रेखा गुप्ता और डिप्टी सीएम प्रवेश वर्मा पीडब्ल्यूडी, जल बोर्ड के साथ बड़ी बैठक करने वाली है । यमुना में अलग-अलग तरीकों और सफाई की जा रही है । 13 जनवरी 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में यमुना के पानी के जहरीले स्तर तक जा पहुंचने पर खुद संज्ञान लेते हुए यह सुनवाई शुरू की थी. कोर्ट ने 'रिवर यमुना मॉनिटरिंग कमिटी' से मसले पर रिपोर्ट मांगी थी द्य कोर्ट ने साफ किया था कि वह सिर्फ यमुना नहीं बल्कि दूसरी नदियों की स्थिति पर भी विचार करेगा. कोर्ट ने स्वच्छ पानी को लोगों के मौलिक अधिकार का हिस्सा कहा था मंगलवार, 25 फरवरी को यह मामला पहली बार जस्टिस भूषण रामाकृष्ण गवई और ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच में लगा था. इससे पहले दूसरी बेंच इसे सुन रही थी. वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा एमिकस क्यूरी के तौर पर जजों के सामने पेश हुई. उन्हें मामले में कोर्ट की सहायता के लिए नियुक्त किया गया है. एमिकस ने जजों को बताया कि पहले दिल्ली और हरियाणा में यमुना के पानी में हिस्सेदारी और गंदगी को लेकर काफी विवाद रहा है. इस पर जस्टिस भूषण रामाकृष्ण गवई ने कहा, 'अब सरकार बदल गई है. बदले हुए हालात में शायद सभी विवाद हल हो सकें. नदी की सफाई से जुड़ी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके.' सुनवाई के अंत मे कोर्ट ने अगली तारीख 4 मार्च तय की ध्यान रहे कि पिछले सप्ताह वायु प्रदूषण से जुड़े मामलों में भी सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने दिल्ली में सरकार बदलने से बेहतरी की उम्मीद जताई थी. उस मामले की एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने जस्टिस अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा था कि दिल्ली और केंद्र सरकार की खींचतान के चलते सुनवाई में बेवजह समय बर्बाद होता था. जस्टिस ओका ने इस पर सहमति जताते हुए कहा था कि निश्चित रूप से सरकार बदलने से झगड़ा खत्म होगा. लेकिन सरकार को सक्रिय होकर काम भी करना होगा, तभी सकारात्मक बदलाव हो सकेगा दिल्ली की नई सरकार के सबसे प्रमुख कामों में यमुना की सफाई प्राथमिकता में है । नदी की सफाई के लिए संबंधित विभागों की ओर से कार्ययोजना भी बना ली गई । शुरुआती तौर पर मशीनों से कचरों की सफाई भी शुरू हो गई है । वहीं सरकार का कहना है कि इस साल छठ महापर्व में श्रद्धालु यमुना में डुबकी लगाएंगे। इसके लिए सरकार युद्ध स्तर पर साफ-सफाई के लिए काम शुरू कर दिया है । वहीं दूसरी ओर यमुना की सफाई पर प्रधानमंत्री कार्यालय भी निगरानी कर रहा है । दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा के आश्वासन को दोहराया है कि यमुना की सफाई नई सरकार के पहले 100 दिनों की शीर्ष पांच प्राथमिकताओं में से एक थी

मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां

ललित गर्ग

रेखा गुप्ता के सामने विपक्ष आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली,

जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है। निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है। मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। भले ही मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ रेखा गुप्ता दिल्ली के दिलों पर छा गई हो, एकाएक उनके फॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान हो, उन्होंने दिग्गजों को पछाड़ा हो, लेकिन असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अव्वल राजधानियों में शुमार कराने का। रेखा गुप्ता के सामने विपक्ष आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन बाहरी चुनौतियों के साथ ही पार्टी के भीतर वो नेता जिनकी नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी, उनके भीतरघात से भी सजग रहने व निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, मौजूदा भाजपा नेतृत्व के दौर में भीतरघात बहुत असरदार नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेताओं की ही एक जमात उन्हें विफल होते भी देखना चाहेगी। मुख्यमंत्री को उन पर भी नजर रखनी होगी। आखिरी सबसे बड़ी चुनौती नौकरशाही पर सार्थक नियंत्रण और उसे जनोन्मुखी बनाने की होगी। साथ ही दिल्ली के सभी वर्गों समूहों और क्षेत्रों में संतुलन साधते हुए विकास करने की होगी। दिल्ली देश की राजधानी और केंद्र के सीधे नियंत्रण में है, इसलिए उनके हर काम पर देश एवं दुनिया के मीडिया के साथ-साथ केन्द्र की नजर रहेगी, इसलिए उन्हें फूंक फूंक कर कदम रखने होंगे। दिल्ली का विकास केजरीवाल सरकार के दौर में अवरुद्ध रहा है। जीत के बाद विजयी भाषण में प्रधनमंत्री मोदी ने यमुना को लेकर कई बड़े वादे किए हैं, जिनपर रेखा गुप्ता सरकार को खरा उतरना होगा। तय डेडलाइन पर यमुना का जीर्णोद्धार हो पाए इसका इंतजार दिल्ली की जनता कर रही है। दिल्ली की जनता यमुना नदी को अहमदाबाद की साबरमती नदी की तर्ज पर सौन्दर्यकरण के साथ विकसित होते हुए देखने को उतावली है। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में इस वक्त सड़क कॉरिडोर प्रस्तावित है। इसके अलावा दिल्ली में कई स्थानों पर सड़कों का बुरा हाल है। इन सड़कों को दुरुस्त कराना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। दिल्ली में पूर्ववर्ती आप सरकार ने चार अस्पताल बनाने का लक्ष्य रखा था। लेकिन इसे पूरा नहीं किया जा सकता है। वहीं, आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुड़ी योजना भी लागू करना होगा। दिल्ली में जिस प्रकार सार्वजनिक परिवहन की जरूरत बढ़ती जा रही है, उस अनुरूप बसों की संख्या बढ़ानी होगी। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ और वायु प्रदूषण बड़ी समस्या रही है। भाजपा इन मुद्दों पर आप पर हमलावर रही है लेकिन अब जब खुद भाजपा सत्ता में आ गई है तो इसके लिए कोई बहाना दिल्ली की जनता को रास नहीं आएगा। वायु प्रदूषण के कारण ना केवल लोगों के स्वास्थ्य प्रभावित हो रहे हैं बल्कि बच्चों के स्कूल बीच सेशन बंद भी कराने पड़ते हैं।

नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान

शकील अख़्तर

प्रधानमंत्री मोदी कहते थे कि 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी। अर्थात दुनिया में जो सम्मान मिला है वह 2014 के बाद ही मिला है। और देख लीजिए क्या सम्मान मिला है? रोजगार की तलाश में गए युवा भारतीय जघन्य अपराधियों की तरह हथकड़ी-बेडी में जकड़ कर लाए जा रहे हैं ज्. सिखों के पाग और उतरवा दिए। और फिर गुरु दक्षिणा में वह वीडियो बनाकर पूरी दुनिया में और प्रसारित कर दिए कि देखो भारतीयों को कैसे जन्जीरों से जकड़ा जा रहा है। अमेरिका केवल हथकड़ी-बेड़ी डालकर ही भारतीयों को वापस नहीं भेज रहा है बल्कि किस तरह उन्हें बांधा जा रहा है इसके वीडियो भी प्रसारित कर रहा है। और वह भी प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका जाने के बाद। और राष्ट्रपति ट्रंप से मिलकर उनके गदगद होने के बाद! क्या फर्क पड़ता है? आज कुछ भी हो जाए न मोदी सरकार को फर्क पड़ता है और न शायद जनता को। एक से एक बड़ी घटनाएं हो गईं। मगर जनता उनसे विरक्त है। नफरत के नशे के बारे में बहुत सुना था मगर वह इतना जहरीला है कि पूरे देश की सोच समझ की ताकत को खत्म कर सकता है, देश को पूरा डुबोने की तैयारी कर सकता है, यह कभी नहीं सोचा था। हिटलर के फैलाए यहूदियों के खिलाफ नफरत के बारे में यह लगता है कि उसे 75 ङ्क 80 साल हो गए। उसके दुष्परिणाम भी दुनिया ने देख लिए। जर्मनी के दो टुकड़े हो गए। हिटलर खुद सबसे बड़ा घृणा का पात्र हो गया। खुद को गोली मारना पड़ी इन सब के बाद लगता था कि इस नफरत की विचारधारा को कोई नहीं अपनाएगा। खुद अपने और अपने देश के विनाश के रास्ते पर कोई नहीं चलेगा मगर आप सोच सकते हैं, जो हो रहा है लिख सकते हैं लेकिन किसी को रोक नहीं सकते! एक राहुल गांधी यह कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सही तरीके से समय रहते इस नफरत को पहचाना। यह भी समझा कि यह कोई एक छोटा मोटा अलग थलग को मामला नहीं है। पूरा बाजार बना डाला है। इसीलिए उन्होंने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान की बात कही। वे अकेले इस नफरत से लड़ रहे हैं। पढ़े लिखे हैं। दुनिया देखते हैं उन्हें मालूम है कि भारत इस नफरत से विश्व गुरु बनना तो दूर अपना सामान्य विकास भी नहीं कर पाएगा। विश्व गुरु किसे चाहिए? क्या अन्तरराष्ट्रीय जगत में यह मांग कभी सुनी कि हम बिना गुरु के हैं। अन्धकार में है। कोई आकर ज्ञान दे। निकाले हमें अज्ञान से। सारा साइंस टेक्नोलाजी उनके पास। नेहरू के समय भारत में इस क्षेत्र में जो शुरूआत हुई थी वह अंधविश्वासों को बढ़ावा देकर खत्म कर दी। पैसा, उद्योग धंधे उनके पास। हमारे यहां यह सब भी खत्म कर दिया। निर्माण के बदले असेम्बलिंग (जैसे अखबार के लिफाफे बनाने का काम होता था) का काम होने लगा। बेरोजगार ही बेरोजगार पैदा कर दिए। वही रोजगार की तलाश में अमेरिका गए थे। और अमेरिका क्या? रूस, युक्रेन, इजराइल में भाड़े के सैनिक तक बनकर गए। तो अमेरिका कोई चोरी डकैती करने नहीं गए। रोजगार की तलाश में गए थे। और वहां से वापसी? तीन जहाज आ गए। जब पहला आया तो संसद चल रही थी। विदेश मंत्री ने कहा कि हम सुनिश्चित करेंगे कि हथकड़ी बेड़ी डालकर नहीं भेजा जाए। मिलिट्री जहाज से नहीं। उसके बाद प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा भी हो गई। गोदी मीडिया बड़ा उत्साहित हो गया। ट्रंप ने यह कहा उनकी शान में वह किया। बन गए विश्व गुरु। जल गया विपक्ष। छा गए मोदी। पता नहीं क्या क्या टीवी में बोला और अखबारों में लिखा। मगर हुआ क्या उसके बाद दो जहाज और आ गए। हथकड़ी बेड़ीं तो थी हीं। सिखों के पाग और उतरवा दिए। और फिर गुरु दक्षिणा में वह वीडियो बनाकर पूरी दुनिया में और प्रसारित कर दिए कि देखो भारतीयों को कैसे जन्जीरों से जकड़ा जा रहा है। सत्तर साल में क्या हुआ? यह राग है जो प्रधानमंत्री मोदी से लेकर मीडिया तक हर वक्त बजता रहता है। सत्तर साल में कुछ नहीं हुआ! कांग्रेसी जवाब देने में कमजोर। केवल अपने निजी फायदे की बात में ही उनका दिमाग और जबान चलती है। अभी दस साल यूपीए की सरकार में मंत्री रहे। उससे पहले रहे। संगठन में सभी उच्च पदों पर कब्जा जमा कर बैठे रहे। मगर कभी सामने नहीं आते। नहीं बताते कि सत्तर साल में भारत ने कितनी तरक्की की। उनके इस चुप रहने से ही प्रधानमंत्री मोदी की यह हिम्मत हुई कि उन्होंने कह दिया कि 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी। दुनिया में जो सम्मान मिला है वह 2014 के बाद ही मिला है। देख लीजिए कि कितना सम्मान मिला है। रोजगार की तलाश में गए युवा जघन्य अपराधियों की तरह हथकड़ी बेडी में जकड़कर लाए जा रहे हैं। कोई यह कहने को तैयार नहीं है कि सत्तर साल में कम से कम यह तो नहीं हुआ। भारत की विदेश सेवा के कुछ रिटायर अधिकारियों ने यह हिम्मत की। उन्होंने कहा कि न अपनी विदेश सेवा का नौकरी में देखा, न उससे पहले के बारे में कभी पढ़ा सुना और ने रिटायर होने के बाद देखा। यह पहला मौका है जब भारतियों को इस तरह बांध कर लाया गया हो। सत्तर साल में पहली बार! मगर इससे क्या? सत्तर साल में पहली बार ऐसे ही कई कारनामे हो चुके हैं। चीन आकर हमारी धरती पर 20 सैनिकों को शहीद करके वहीं बैठ जाता है। और प्रधानमंत्री कहते हैं न कोई घुसा है न कोई है। हजारों किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लेता है। सेना कहती है। मगर सरकार कहती है नहीं। कितनी ही घटनाएं हैं। नोटबंदी मारे गए परेशान लोगों की। कोई जवाब है? क्यों बंद किया था हजार का नोट और दो हजार का चलाया। और फिर उसे क्यों बंद किया?

विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

रमेश सर्राफधमोरा

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है। देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है। भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो

प्लेटफार्म नं.
PLATFORM NO.
15 14

जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी. ।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी।

संक्षिप्त समाचार

आचार्य श्री ने मुझे रत्नात्रय का हार मोराजी में पहनाया था : योगसागर

सागर (विश्व परिवार)। 45 वर्ष पूर्व मोराजी मे मेरी मुनि दीक्षा हुई थी। में आज अपने घर आया हूँ। मेरा दीक्षा दिवस और क्षेत्र याद रखने योग है यह मोक्ष मार्ग देने का स्थल हैं खारा सागर को मीठा सागर आचार्य श्री जी ने बनाया है यह बात निर्यापक मुनि श्री योग सागर महाराज ने पहली बार अपनी दीक्षा स्थली पर मंगल प्रवचन में कही। उन्होंने कहा दीक्षा के बाद से 45 वर्ष आनंद के साथ बीत रहे हैं महान आत्मा के लिए व्रतों के साथ जीवन जी रहे हैं। गुरुदेव ने योग सागर नाम दिया था जिससे परमात्मा का मिलन हो उसका नाम योग है। और दुख के संयोग से वियोग हो उसका नाम योग है। यह बात भी सच है द्रोण गिरी में मुझे दीक्षा नहीं मिलने से मैं नाराज हो गया था। मोराजी में राह मिल गई दीक्षा लेने के बाद भी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पाती है। देव, शास्त्र और गुरू को मानने वाला ही जैन है। आप लोगों को नाम का जैन नहीं बनना है। मुनिश्री प्रबोध सागर महाराज ने कहा कि बहुत समय बाद बड़े महाराज जी के दर्शन किए हैं और ऐसा लग रहा है जैसे आचार्य श्री के पास आ गया हूं सरलता और सादगी के साथ मोक्ष मार्ग की ओर कैसे बढ़ना है यह मुनिश्री योगसागर जी सीखा जा सकता है। धर्म की शरण में आने से अनादिकाल की पीडा दूर हो जाती हैं। वर्षा योग चातुर्मास पथरिया में करने के उपरांत मुनिश्री प्रबोध सागर सागर, नगर गौरव मुनि द्वय मुनिश्री शैलसागर और मुनिश्री अचल सागर महाराज की आगवानी मोराजी में हुई जहां पर योग सागर महाराज की 3 परिक्रमा कर ढोक दी और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आर्यिका गुणमति माताजी और आर्यिका साधुमती माता जी ससंघ उपस्थित थी। जगह जगह मुनि संघ की आरती उतारी गई पाद प्रक्षालन किया गया। मुकेश जैन ढाना ने बताया कि 27 फरवरी गुरुवार को मुनि संघ के प्रवचन और आहारचर्या वर्णीकॉलोनी में होगी।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मिली निर्दलीय पार्षद सावित्री भारत धीवर, भाजपा में होंगी शामिल

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर ग्रामीण नगरीय निकाय चुनाव में महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 08 सड्डू की नवनिर्वाचित निर्दलीय पार्षद सावित्री भारत धीवर ने आज सांसद बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं विकासोन्मुखी दृष्टिकोण से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सावित्री धीवर का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति से प्रभावित होकर जनता भाजपा से जुड़ रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सावित्री धीवर भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप जनसेवा को प्राथमिकता देंगी और अपने वार्ड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। भारतीय जनता पार्टी निरंतर समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और नए जनप्रतिनिधियों के जुड़ने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज

रायपुर (आरएनएस)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। सुबह से ही शिव भक्त मंदिरों में पहुंच रहे हैं। रायपुर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लंबी लाइनों में लगे हुए हैं। श्रद्धालु भांग, धतूरा, बेल पत्र, फ्ल और पूजा सामग्री लेकर मंदिर पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। जलाभिषेक के लिए पहुंचे भक्त नीलकंठ महादेव से अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

मुनि श्री समतासागर जी महाराज ससंघ का डोंगरगांव में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

डोंगरगांव (विश्व परिवार)। निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज एवं मुनि श्री पवित्रसागर जी एवं मुनिश्री वीरसागर जी महाराज ससंघ का डोंगरगांव में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

इस अवसर पर निर्यापक मुनि श्री समतासागर महाराज ने सभी कार्यकर्ताओं तथा डोंगरगांव निवासियों को आशीर्वाद देते हुये कहा कि गुरूवर के साथ श्री सम्मेद शिखर जी की बंदना के उपरांत फरबरी मास में ईसरी में ऐलक दीक्षा एवं मुनि दीक्षा के उपरांत पहलीबार सन1984 में आचार्य श्री के साथ नव दीक्षित मुनि के रुप में आना हुआ था उस समय संघ कुछ दिन के लिये ही रूका था यह आप लोगों का सौभाग्य है कि आप लोगों ने डोंगरगांव में आचार्य श्री का आशीर्वाद पाया और भव्यतम मंदिर का भव्य पंचकल्याणक उनके ही सानिध्य में संपन्न कराये। आप सभी श्रद्धालु चंद्रगिरी तीर्थ से भी जुड़े हुये अच्छे कार्यकर्ता है, अभी उधर भी मुनिसंघ तथा आर्यिकासंघ विराजमान है और हम लोगों का लक्ष्य भी अभी शास्वत सिद्धक्षेत्र श्री सम्मेदशिखर जी की बंदना का है और धीरे धीरे अनूकूलता के साथ आगे बड़ना है जो प्राप्त है वही पर्याप्त है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि संघ राजनांदगांव दुर्ग भिलाई होते हुये छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयेंगे।इधर रायपुर में श्री पारसनाथ दि. जैन मंदिर टैगोर नगर में मुनि श्री समतासागर जी महाराज के गृहस्थ अवस्था के पिता श्री राजाराम जी सप्तम प्रतिमाधारी एवं छोटी बहन ब्रह्मचारी बबीता दीदी पधारी यंहा पर भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न किया उनका श्री पारसनाथ दि. जैन मंदिर टैगोर नगर ने बहुमान करते हुये स्वागत किया इस अबसर पर पुष्पेंद्र जैन, सौरभ जैन, शशीष जैन, सहित सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया मुनि श्री समतासागर जी महाराज के साथ मुनि श्री पवित्रसागर जी, ऐलक श्री निश्चय सागर जी ऐलक श्री निजानंद सागर जी तथा छुल्लक श्री संयम सागर जी संघस्थ बाल ब्र अनूप भैया, बाल ब्र मनोज भैया (रिंकू) सुवोध भुसावल, शैलेश जैन दमोह साथ विहार करा रहे है। एवं आगामी सात आठ दिनों में रायपुर आने की संभावना है। **-अविनाश जैन**

किशनगढ़ में भगवान मुनिसुव्रतनाथ को निर्वाण मोदक चढ़ाया

मदनगंज किशनगढ़ (विश्व परिवार)। आर्यिका सरस्वती मति माताजी ससंघ के सानिध्य में श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत के तत्वाधान में रूपनगढ़ रोड स्थित श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आज मंगलवार को प्रात: 20 वे तीर्थंकर 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बहुत हर्षोल्लास के साथ विनयपूर्वक मनाया गया सर्वप्रथम मूलनायक श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक, शांतिधारा कर, बैंड की मधुर स्वर लहरियो पर निर्वाण पाठ पढ़ते हुए, श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान की जयकारों के साथ निर्वाण मोदक चढ़ाया गया।

तत्पश्चात श्री मुनिसुव्रतनाथ विधान का आयोजन किया गया। पंडित अनूप जैन एवं रोहित जैन द्वारा शानदार विधान की रचना की जिसमें संगीतमय में पूजन करते हुए श्री मुनिसुव्रतनाथ नवयुवक मंडल के सदस्यो द्वारा भक्ति भाव से जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नेवेद, दीप, धूप और फल सहित अष्ट द्रव्य समर्पित किए गए।

सभी पूर्वाचार्य को अर्घ समर्पित किए गए वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज की पूजन की गई। अंत में आरती की गई।

इससे पूर्व संध्या पर श्रीमुनिसुव्रतनाथ नवयुवक मंडल द्वारा मुनिसुव्रतनाथ भगवान की आरती की गई। दिगंबर जैन वीर संगीत मंडल द्वारा णमोकार मंत्र पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर श्री मुनिसुव्रतनाथ पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी, दिलीप कासलीवाल, चेतन प्रकाश पांड्या, सुभाष बड़जात्या, राजेश पांड्या, संजय पापड़ीवाल, सुरेंद्र दगड़ा, अशोक बोहरा, विमल पापलिया, सुभाष वेद, सुरेश बगड़ा, गौरव पाटनी, पवन दोसी, मुकेश पांड्या, जय कुमार दोषी, विजय गंगवाल, संजय पांड्या, अनिल पाटनी, सुमेर गोधा, पदम गंगवाल, बसंत बैद, अशोक पाटनी, मांगीलाल झांझरी, धर्मेंद्र पाटनी, राजकुमार वेद मनोज बैंद, मुकेश पांड्या, महेंद्र बाकलीवाल, प्रदीप बाकलीवाल, अनुज पांड्या, मुकेश पापड़ीवाल, अभिषेक बोहरा, पुष्पेन्द्र बाकलीवाल, ऋषि गोधा, एनी बोहरा, कम्मूपांड्या, प्रेम देवी बाकलीवाल, सीमा पांड्या, राहुल गंगवाल, विकास पाटनीसहित सकल दिगंबर जैन समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

गुरू कृपा और प्रभु भक्ति से हम अपने लक्ष्य को सहजता से प्राप्त कर सकते हैं : आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

औरंगाबाद (विश्व परिवार)। मैनपुरी गौरव मुनि श्री सहज सागर जी महाराज बनकर पहली बार आगमन औरंगाबाद नरेंद्र अजमेरा पियुषमैनपुरी गौरव मुनि श्री सहज सागर जी महाराज बनकर पहली बार आ रहे हैं। कासलीवाल अहिंसा संस्कार पद यात्रा के प्रणेता साधना महोदधि, उत्कृष्ट सिंह निष्क्रिडित व्रत कर्ता, तीर्थराज सम्मेद शिखर पर्वत पर 557 दिनों की अखण्ड मौन-तप साधना करने वाले अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर महाराज मैनपुरी में अपने चतुर्विध संघ के साथ मंगल प्रवेश कर रहे हैं। अन्तर्मना तप शिरोमणि ने कहा प्रभु भक्ति, गुरू कृपा और आत्म विश्वास असम्भव को भी सम्भव करा सकता है..! किसी भी लक्ष्य को पाने के लिये ये तीन कार्य बहुत मायने रखते हैं- प्रभु भक्ति से शक्ति, गुरू कृपा से दिशा, और आत्म विश्वास से सफलता चरणों की दासी बन जाती है।

ध्यान रखना! प्रभु और गुरू जानने की नहीं, मानने की चीज है। यदि आप प्रभु भक्त और गुरू के शिष्य हैं, तो एक बात अपने जहन में बसा लें - गुरू कृपा और प्रभु भक्ति से हम अपने लक्ष्य को सहजता से प्राप्त कर सकते हैं। जैसे - प्रभु भक्ति, गुरू कृपा और आत्म विश्वास से भारत के मूर्धन्य विद्वान डाक्टर सुशील चन्द्र जी मैनपुरी, पंण्डित शिव चरण लाल मैनपुरी जी, पंण्डित दीप चन्द्र जी छावडा जयपुर बालो ने पाया। शिवचरण लाल जी निर्ग्रन्थ श्रमण मुनि वांग्मय सागर बनकर उत्कृष्ट समाधिमरण किया। डाक्टर प्रवर्तक श्रमण मुनि सहज सागर महाराज और निर्यापक श्रमण मुनि नवपद्म सागर महाराज बनकर आत्म कल्याण व धर्म की प्रभावना मै निरन्तर वर्धमान हो रहै है।

अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर ने कहा कि मीरा सी भक्ति, एकलव्य सा समर्पण जब अन्तर्मन में उपजता है, तो श्रद्धा का फूल विश्वास की हवा को कभी खिरने नहीं देता। जो गैर जिम्मेदार है, वह ना समर्पण कर सकते और ना कुछ प्राप्त कर सकते, क्योंकि समर्पण और श्रद्धा ही आत्म निर्भर और आत्म विश्वास को पैदा करती है। जैसे 100 रूपये में 50 रूपये निहित है, वैसे ही आत्म विश्वास में निडरता और आत्म निर्भरता निहित है। यदि आपके पास सौ रूपये नहीं है तो हजार भी नहीं होंगे। इसी प्रकार जिनको अपनी श्रद्धा-भक्ति, आत्म विश्वास पर डाउट है, वे लोग कभी ना सफल हो सकते, ना आत्म निर्भर। समर्पण का अर्थ है। साहिल भी तू है, किनारा भी तू है..पार करना या डूबोना, सब तेरे हाथ में है। आर्यावर्त की ऐतिहासिक विरासत को संवृद्ध करता उत्तर प्रदेश में अभिव्याप्त एक अचम्भित करने वाला शहर मैनपुरी के मूर्धन्य विद्वान डॉक्टर सुशील कुमार जैन जैनेश्वरी भगवती दीक्षा को धारण करके नगर के गौरव को गौरवान्वित करते हुए अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के सकल संघ के साथ प्रवर्तक श्रमण, मैनपुरी गौरव मुनि श्री सहज सागर जी महाराज बनकर पहली बार आ रहे हैं। आप सभी इस उत्सव और महोत्सव के साक्षी बनें। ऐसा आत्मीय भक्त जनों से भाव भरा निवेदन है।

जन्म भूमि आगमन महोत्सव के अनोखे पल- 26 फरवरी को दोपहर 02:30 बजे भव्यातिभव्य मंगल प्रवेश हुआ। 28 फरवरी को दोपहर अन्तर्मना सर्वतोभद्र श्री परिवार में प्रवेश। 28 फरवरी को दोपहर 01:30 बजे नगर भ्रमण करते हुये सर्वतोभद्र चैत्यालय में विशाल शोभायात्रा गुरू पाद पूजा एवं धर्म सभा।

1 मार्च को प्रात:काल दीप आराधना एवं दोपहर 01:30 बजे से जिनेन्द्र महा अर्चना महोत्सव। 02 मार्च को प्रात:काल दीप आराधना एवं प्रवचन प्रसाद सभा मण्डप में एवं दोपहर 2 गुरू पाद पूजा व आशीर्वचन समारोह। तत्पश्चात अहिच्छत्र पारसनाथ के लिए मंगल प्रस्थान होगा। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

निर्दलीय जिला पंचायत सदस्य ने थामा भाजपा का दामन

जिलाध्यक्ष ने गमछा पहना कर संगीता सोनवानी को कराया बीजेपी में प्रवेश

कोरिया (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में कांग्रेस को एक और झटका लगा है। क्रमांक 03 से कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीतने वाली संगीता सोनवानी ने बुधवार को भाजपा कार्यालय में BJP की सदस्यता ग्रहण कर ली है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने उन्हें भाजपा का गमछा पहना कर भाजपा प्रवेश कराया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि संगीता सोनवानी के रूप में पार्टी को एक कर्मठ और योग्य कार्यकर्ता मिल गया है। संगीता सोनवानी ने कहा कि वह बिना शर्तो पर भाजपा प्रवेश कर रहीं हैं। कांग्रेस ने उन्हें बहुत उपेक्षित किया। संगीता कांग्रेस की महिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष भी रहीं हैं। पंच, सरपंच से जिपं सदस्य की उनकी यह दूसरी पारी है और उनका अपने क्षेत्र में व्यापक जनाधार है।

जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज से सपरिवार मिले विधायक देवेंद्र यादव, प्राप्त किए आशीर्वाद

भिलाई (विश्व परिवार)। आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से ऐतिहासिक मुलाकात की। विधायक श्री यादव अपने पूरे परिवार के साथ आज ग्राम सलधा बेमेतरा स्वामी जी के आश्रम पहुंचे और सह परिवार आशीर्वाद प्राप्त किया. विधायक देवेंद्र यादव अपनी माँ, पत्नी, बड़े भैया-भाभी के साथ आज ग्राम सलधा में पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री: अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त किये।

महा शिव रात्रि के पावन अवसर पर भव्य पूजा आरती का आयोजन किया गया। जिसमे शामिल हुए और बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना किये. रुद्राभिषेक कर बाबा भोले नाथ की आराधना की।

इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज से विधायक परिवार ने विशेष आशीर्वाद प्राप्त किए। सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रीय एकता के विषयों पर चर्चा भी हुई। इस दौरान शंकराचार्य जी ने विधायकों को समाज की भलाई और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने इस अवसर पर कहा कि राजनीतिक नेतृत्व और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का समन्वय समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हो सकता है। उन्होंने विधायकों से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें।

विधायकों ने इस मुलाकात को अपने लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि शंकराचार्य जी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे समाज के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी मुलाकातें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

इस मुलाकात में शंकराचार्य जी के साथ गहन चर्चा की और उनके आशीर्वाद प्राप्त किए। यह मुलाकात सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

आचार्य श्री शिव सागर जी के 57वें समाधि वर्ष 16 फरवरी 1969 फागुन कृष्णा अमावस्या पर जीवन परिचय वर्ष 1969 से वर्ष 2025

भारत देश में अनेक भव्य आत्माओं ने जन्म लिया है...

श्री शांति वीर शिव धर्माजीत वर्धमान सुर्रिभ्यो नमः

भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिला जोकि अजंता एलोरा की गुफाओं के कारण प्रसिद्ध है किंतु जैन धर्म की धार्मिक दृष्टि से देखेंगे तो अनेक दिगंबर साधु महाराष्ट्र से हुए हैं आचार्य श्री वीर सागर जी आचार्य कल्प चंद्र सागर जी आदि अनेक आचार्य और साधु महाराष्ट्र से हुए हैं। श्रीमती दगड़ा बाई श्री नेमीचंद जी रावका खंडेलवाल के यहां विक्रम संवत 1958 ग्राम अड़गांव में आपका जन्म हुआ आपका नाम श्री हीरा लाल रखा गया सच है यथा नाम तथा गुण आपका लालन-पालन साधारण परिवार में हुआ किंतु आप असाधारण रहे माता ने 2 पुत्र व दो पुत्रियों को जन्म दिया।

प्लेग की बीमारी में आपके माता पिता का निधन हो गया जब श्री हीरालाल जी की उम्र 13 वर्ष की थी तब आपके बड़े विवाहित भाई का भी निधन हो गया निकटवर्ती ग्राम इर गांव में नाम राशि श्री हीरालाल जी गंगवाल आपके शिक्षा गुरु रहे अतिशय क्षेत्र कचनेर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन प्राथमिक विद्यालय में आपकी लौकिक शिक्षा हुई आपने प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी के 28 वर्ष की उम्र में दर्शन किए और आचार्य श्री शांतिसागर जी से दो प्रतिमा के नियम व्रत धारण किए विक्रम संवत 1999 में शिक्षा गुरु मुनि श्री वीर सागर जी महाराज से मुक्तागिरी में सात प्रतिमा के नियम लिए तथा ब्रह्मचारी बनकर संघ में प्रवेश किया।विक्रम संवत 2000 में मध्यप्रदेश के सिद्ध क्षेत्र श्री सिद्धवरकूट में बाल ब्रहमचारी श्री हीरा लाल जी ने मुनि श्री वीर सागर जी महाराज से क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की और क्षुल्लक श्री शिव सागर जी नामकरण हुआ।लौकिक शिक्षा गुरु हम नाम आपके आध्यात्मिक दीक्षा गुरु भी बन गए विक्रम संवत 2006 नागौर में आपकी मुनि दीक्षा हुई और मुनि श्री वीर सागर जी ने प्रथम मुनि शिष्य के रूप में आपको मुनि दीक्षा दी मुनि दीक्षा के बाद आचार्य श्री वीर सागर जी की समाधि तक आपने गुरुदेव का सानिध्य में ही रहे।आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की समाधि के बाद गुरु आदेश से आचार्य श्री वीरसागर जी को प्रथम पट्टाचार्य पद मिला आचार्य श्री वीरसागर जी की समाधि के बाद मुनि श्री शिव सागर जी को विक्रम संवत 2014 कार्तिक शुक्ला 11सन 1957 को आचार्य श्री शांति सागर जी की परम्परा में दृवतीय पट्टा चार्य पद मिला आचार्य श्री शिव सागर जी ने अपने साधु जीवन में 11 मुनि दीक्षा 21 आर्यिका दीक्षा 2 ऐलक दीक्षा 9 क्षुल्लक दीक्षा और 9 क्षुल्लिका दीक्षा कुल 52 दीक्षाये दी। आपके शिष्यों में मुनि श्री ज्ञान सागर जी, , श्री अजीत सागर जी, श्री सुबुद्धि सागर जी श्री श्रेयांस सागर जी, आर्यिका श्री आदिमति, श्री विशुद्ध मति, श्री जिनमति, आदि प्रमुख है।अनेक पंच कल्याणक और साधुओं की संलेखना कराई।26 वर्ष के साधु जीवन में वर्ष 1944 से वर्ष 1968 कुल 25 चातुर्मास किए।फागुन कृष्णा अमावस्या विक्रम संवत 2025 16 फरवरी सन 1969 को श्री महावीरजी अतिशय क्षेत्र पर आप की अनायास समाधि हो गई आचार्य श्री शिवसागर जी से संबंधित कुछ संस्मरण इस प्रकार है। परंपरा के पंचम पट्टाधीशआचार्य श्री वर्धमान सागर जी आपके मुनि संघ में वर्ष 1968 में शामिल हुए तथा दीक्षा हेतु श्रीफल चढ़ाया।गुरु आदेश से सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी की यात्रा पर गए।किंतु वापसी के पूर्व आचार्य श्री शिव सागर जी की समाधि हो गई। आचार्य श्री हमेशा कहते थे कि व्यक्ति को घर से खड़े खड़े निकलना चाहिए आड़े होकर नहीं निकलना चाहिए। अर्थात संयम धारण करने की प्रेरणा देते थे।आचार्य श्री शिव सागर जी के सानिध्य में खानीया जी में तत्व चर्चा पूरे भारत में प्रसिद्ध रही जब मुनि मार्गी और सोनगढ़ मार्गियों के बीच में आप के सानिध्य में में तत्व चर्चा चली यद्यपि इस चर्चा का कोई हल नहीं निकला किंतु इस तत्व चर्चा से काफी कुछ गलतफहमी भी दूर हुई। आचार्य श्री शिव सागर जी के संध का चतुर्मास कोटा में चल रहा था एक आर्यिका माता जी के पैर में कांच का टुकड़ा चुभ गया, उससे रक्त बह निकला उन्होंने जब आचार्य श्री कोई धटना सुनाई तो आचार्य श्री ने माताजी को एक उपवास का प्रायश्चित दिया जब किसी ने इस बारे में आचार्य श्री से पूछा कि कोई श्रावक का रक्त निकलता है तो कमजोरी दूर करने के लिए उसको उस दिन हलवा मीठा खिलाया जाता है ताकि इन वस्तुओं से उसके शरीर में खून की पूर्ति हो जाए आचार्य श्री का उत्तर था खून कितना निकला वह महत्वपूर्ण नहीं है, महत्वपूर्ण यह है कि पेर कदम देखकर क्यों नहीं रखा अगर उस समय कुछ सूक्ष्मजीवों कि अगर विरादना होती तो वह कितना गलत होता इस प्रकार आचार्य श्री अनुशासन में बहुत प्रिय थे एक और प्रसंग देखने में आता है कि पूजा के द्रव्यों का विवेचन करते हुए आचार्य श्री शिव सागर जी ने विश्लेषण प्रस्तुत किया कि आचार्यों ने गेहूं को पूजा की सामग्री में सम्मिलित क्यों नहीं करते चावल को ही क्यों शामिल किया चावल के द्वारा आचार्य श्री भक्तों को भेद विज्ञान काआभास कराते हैं जिस प्रकार धान का छिलका और चावल अलग अलग है उसी प्रकार शरीर और आत्मा अलग-अलग है जिस प्रकार धान का छिलका दूर किए बिना चावल के ऊपर का मेल दूर नहीं किया जा सकता है उसी प्रकार ब्राह्य परिग्रह का त्याग किए बिना अंतरंग परिग्रह नहीं छोड़ा जा सकता है जीवन के काफी प्रसंग हैं जो शिक्षाप्रद है। **-राजेश पंचोलिया, इंदौर**


सिद्धांत संरक्षक आचार्य श्री १०८ शिवसागर जी महाराज

बाबा भगवान राम ट्रस्ट एंव श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह, गुमला में चिकित्सा शिविर सम्पन्न

जशपुर (विश्व परिवार)। बाबा भगवान राम ट्रस्ट के अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव रामजी द्वारा आरंभ किये गये चक्षु अभियान के अंतर्गत झारखण्ड राज्य के गुमला जिला अन्तर्गत ग्राम आंजन के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में 811 मरीजो का परीक्षण किया गया जिसमें 404 नेत्र रोगियों को परीक्षणोपरांत 362 मरीजो को पावर वाले चश्मे वितरित किये गये, वहीं अन्य रोगो के 407 मरीजो को परीक्षणोपरांत नि:शुल्क दवा दी गयी। शिविर में 36 मोतियाबिंद के मरीज पाये गये जिन्हे सदर अस्पताल गुमला जाकर आपरेशन कराने की सलाह दी गयी। यह शिविर बाबा भगवान राम ट्रस्ट, सोगड़ा जिला-जशपुर एवं श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह गुमला के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ दिल्ली से आये वरिष्ठ पत्रकार प्रबल प्रताप द्वारा परमपूज्य बाबा अघोरेश्वर भगवान राम जी एवं पूज्य पाद गुरूपद संभव राम जी के तैल चित्र पर विधिवत् पूजन उपरांत दीप प्रजज्वलित कर एवं नारियल फोड़कर प्रांरभ किया गया। जो कि सांय तक चलता रहा। शिविर के समापन से पूर्व ट्रस्ट एंव समूह के अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव रामजी द्वारा स्वयं शिविर में पधारकर शिविर का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया। तत्पश्चात पूज्यपाद द्वारा विधिवत् पूजन कर शिविर का समापन किया गया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर, गुरूवार 27 फरवरी 2025

संक्षिप्त समाचार

हाइवा ने ऑटो को ठोका, एक की मौत दूसरा गंभीर

बालोद(विश्व परिवार)। जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के भरदाकला गांव के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां एक हाइवा ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो के परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में ऑटो चालक अशोक कुमार (50) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेश कुमार नामक एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना की सूचना मिलने पर अर्जुन्दा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जानकारी के मुताबिक, मृतक अशोक कुमार ग्राम कचांदुर का रहने वाला था, जबकि घायल सुरेश कुमार भी उसी इलाके का निवासी है. फिलहाल घायल अस्पताल का अस्पताल में इलाज जारी है. वहीं पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है.

पत्नी की बेहरमी से हत्या आरोपी गिरफ्तार

कांकेर(विश्व परिवार)। कांकेर जिले के पटौद गांव में एक पति द्वारा पत्नी की हत्या का मामला सामने आया है। आरोपी मनिकांत कुंजाम ने अपनी 25 वर्षीय पत्नी अनूपा कुंजाम की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की। 25 दिसंबर 2023 को गांव के हाई स्कूल के सामने इमली के पेड़ पर एक महिला का शव लटका मिला। गांव के महेंद्र सलाम ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। जांच में पता चला कि मृतका के चेहरे और हाथों पर चोट के निशान थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते थे। आरोपी पति घटना के बाद फरार हो गया था। पुलिस ने उसे नारायणपुर के फरसगांव थाना क्षेत्र के दंडवन गांव से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। प्रधान सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ता ईश्वर लाल साहू ने आरोपी को दोषी साबित किया। कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कठोर कारावास और 500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में नियद नेल्लानार योजना की एंट्री, सेचुरेशन, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के लिए उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, वन विभाग, मछली पालन विभाग को वीटीपी रजिस्ट्रेशन कराने, आरएमएसए के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, जिले में पीएम स्कूलों के मॉनिटरिंग, धरती आबा जनजाति ग्राम आदर्श उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, राज्य में 06 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करना एवं पोषण ट्रैकर पोर्टल में आधार अपडेट करने, आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन मरम्मत कार्य (जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, जनपद पंचायत गीदम, जनपद पंचायत कटेकल्याण, जनपद पंचायत कुआकोंडा, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग), आस्था किरन्दुल की प्रगति, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत कैम्प लगाकर कार्य किये जाने, छत्तीसगढ़ राज्य में कृषक पंजीयन अभियान सीएससी द्वारा संचालन एवं भुगतान किये जाने, सभी विभागों एवं कार्यालयों में 31 मार्च तक ई-ऑफिस प्रणाली में स्थानांतरित जैसे साप्ताहिक समय सीमा बिन्दुओं पर कलेक्टर द्वारा दिषा निर्देष दिए गए।

कलेक्टर ने छिंदगढ़ विकासखंड का किया औचक निरीक्षण

पीएम आवास योजना में प्रगति लाने दिए आवश्यक निर्देश

ग्रामीणों को अधिकतम 10 तारीख तक राशन वितरण करने निर्देश जारी

सुकमा(विश्व परिवार)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को छिंदगढ़ विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न शासकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ध्रुव सबसे पहले रोकेल पंचायत पहुंचे। वहां उन्होंने डीएवी स्कूल और पोटाकेबिन आश्रम का निरीक्षण किया और बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात वे कुकानार पंचायत में स्थित आत्मानंद स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त दवाओं को उपलब्धता और ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को लगातार फील्ड भ्रमण करने और स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे पंचायत में पीएम आवास योजना के तहत बने नवीन आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें जल्दी से निर्माण कार्य पूर्ण करने की अपील की। इसी तरह से कलेक्टर श्री ध्रुव ने स्वामी आत्मानंद बालिका स्कूल तोंगपाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तोंगपाल, अतिरिक्त कक्ष निर्माण और बालक हायर सेकेंडरी स्कूल तोंगपाल का औचक निरीक्षण किया। तोंगपाल के पश्चात कलेक्टर श्री ध्रुव बालिका आश्रम टाहकवाड़ा पहुंचे जहाँ उन्होंने शिक्षकों की उपलब्धता, बच्चों की उपस्थिति और बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था की जाँच की। उन्होंने बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बच्चों के नियमित स्वास्थ्य जाँच कराने निर्देशित किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे से नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। टाहकवाड़ा ग्राम भ्रमण के दौरान श्री ध्रुव ने गांव में पेयजल और राशन की उपलब्धता के लिए ग्रामीणों से बात की। इस दौरान उन्होंने नल जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति की जानकारी प्राप्त की। पानी की निकासी के लिए ग्रामीणों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित हल्का पटवारी से लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण की बात कही। भ्रमण के दौरान एसडीएम विजय प्रताप खेस, जनपद सीईओ गुप्ता और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

दर्रीपारा के बाड़ी में घुसा हाथियों का दल

कोरबा(विश्व परिवार)। वनमंडल कटघोरा के केंदई व जटगा रेंज में 50 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनमें से 39 हाथियों का दल केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में सक्रिय है जबकि 11 हाथी जटगा के जंगलों में मौजूद हैं। केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में सक्रिय हाथियों के दल ने बीती रात सर्किल अंतर्गत पोड़ीखुर्द पंचायत में दर्रीपारा में एक ग्रामीण के बाड़ी में प्रवेश कर उत्पात मचाने की कोशिश की लेकिन समय पर ग्रामीणों द्वारा सूचना दे दिए जाने पर वन विभाग के हाथी ट्रेकिंग दल के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और हाथियों को खदेड़ दिया। जिससे हाथियों का दल वापस जंगल जाने को विवश हो गया। हाथियों ने यहां नारियल के एक-दो पेड़ों को ही नुकसान पहुंचाया है। इस तरह वन विभाग की सक्रियता से हाथी ज्यादा नुकसान पहुंचाने में विफल रहा।

स्वरांक म्युजिकल ग्रुप रायपुर द्वारा तेलुगु गीतों का बेह्तरीन आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। विगत दिनों स्थानीय माया राम सुरजन हॉल रजबंधा मैदान मे आंध्रा समाज के गायक कलाकारों द्वारा साउथ के संगीत एवं फिल्म के दुनिया की मशहूर अनमोल रत्नों में महान गायक श्री एसपी बालासुब्रमण्यम,एवं दक्षिण भारतीय फ़िल्मों के महान निर्देशक के विश्व??? और उत्कृष्ट गीतकार सारी सिरीवेनेला ,सीताराम शास्त्री के स्मृति में कुछ चुनिंदा तेलुगु गीतों की प्रस्तुति दी गई। के विश्वनाथ तेलुगु के अलावा हिन्दी फ़िल्मों के.नामचीन कई फ़िल्मों का निर्देशक रहे है इनमें से सुपरहिट फिल्म सरगम, संजोग, कामचोर आंदि कई फिल्में हैं

साउथ के जबरदस्त फनकार एस पी बालासुब्रमण्यम को कौन नहीं जानता जिन्होंने अपने गातों से कितने दिलों में छाप छोड़ गए 7 उनके गाय हुवे गीतों मंच में ऐक से बढ़कर एक कलाकारों ने प्रस्तुति दी मंच संचालन संध्या राज ने अपनी निराले अंदाज में किया

आन्ध्र समाज से आए हुए संगीतप्रेमी ने उपस्थित होकर कर्णप्रिय गीतों का देर रात तक लुफ्त उठाया। आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित रहे आंध्र एसोसिएशन के अध्यक्ष जी स्वामी, और वी रमेश पटनायक एवं छत्तीसगढ़ तेलुगू महासंघ के अध्यक्ष आर मुरली कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गायक कलाकारों में से भवानी, वेणुगोपाल, डी नागेश, एम सुधाकर टी.पी. सारथी , एन चंद्रशेखर, सिमती उदय राज, हरिता, चैतन्य, डी लता, एम सुधा, राजू मंत्री एम श्रीधर, वेबी तन्वी ने अपनी बेहतरीन गायकी से लोगों का दिल जीता।

स्टेशनों में नि :शुल्क प्याऊ खोलने समाजसेवी संस्थाओं को किया जा रहा प्रोत्साहित

कोरबा(विश्व परिवार)। गर्मी के दिनों में पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर मंडल रेल प्रशासन द्वारा जहां रेल यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर साफ एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था वॉटर कूलर एवं वॉटर नल के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। सामान्यतः स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाएं एवं एनजीओ सक्रियता के साथ सामाजिक कार्यों एवं सेवा कार्यों का संचालन करते हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के निर्देशन में रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में पेयजल की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति हेतु निःशुल्क प्याऊ खोलने के लिए समाजसेवी संस्थाओं को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रशासन द्वारा धार्मिक, सामाजिक सेवा संगठनों, संस्थानों से आग्रह किया जा रहा है कि वे इस यात्री हित पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। मंडल के विभिन्न स्टेशनों में यात्रियों को स्वच्छ एवं शीतल जल पिलाने के लिए प्याऊ खोलने के इच्छुक संस्थानों व्यक्ति मंडल संपर्क कर सकते हैं। इस पहल के तहत समाजसेवी संस्थाओं को स्टेशन परिसरों में प्याऊ संचालन के लिए तुरंत अनुमति प्रदान की जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह द्वारा स्टेशनों में निःशुल्क प्याऊ खोलने हेतु तुरंत अनुमति देने हेतु सर्वसंबंधितों को निर्देशित किया गया है। जिससे की स्टेशनों में यात्रियों को गर्मी के दिनों में स्वच्छ एवं शीतल जल की सुविधा और बेहतर रूप में उपलब्ध हो सकेगी।

जिपं का सस्पेंस खत्म, भाजपा की नंदिनी ढीढी हुई विजयी

गरियाबंद(विश्व परिवार)। पिछले 24 घंटे से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 के परिणाम को लेकर सस्पेंस चल रहा था. कांग्रेस व भाजपा दोनों ने अपनी-अपनी जीत का जश्न मना लिया था, लेकिन आज जब जिला पंचायत रिटर्निंग अफसर ने प्रमाण पत्र सौंपा तो स्थिति साफ हो गई. भाजपा के नंदिनी ढीढी को जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में जीत मिली है. उन्हें निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र जारी किया गया. वहीं क्षेत्र क्रमांक 11 से भाजपा के बागी देशबंधु नायक ने 136 मतों से जीत हासिल की है. यहां भाजपा प्रत्याशी शोभाचन्द्र पात्र चुनाव हार गए. गरियाबंद जिले में भाजपा ने कुल 7 सीटों पर जीत दर्ज की है. तीन में निर्दलीय और एक में कांग्रेस की जीत हुई है. क्षेत्र क्रमांक एक हाई प्रोफाइल सीट बन गया था. कांग्रेस की होमा देवी सांग के परिणाम से मामला जुड़ा था. सस्पेंस के बीच भूपेश बघेल का भी सियासी बयान आ गया था. आज सुबह से राजधानी व अन्य कोने-कोने से कई गाड़ियों में कांग्रेस समर्थक का जमावड़ा गरियाबंद मुख्यालय में हो गया था. किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न हो, इसके लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था. कलेक्टोरेट परिसर में किसी भी अनाधिकृति व्यक्ति के प्रवेश को वर्जित कर दिया गया था.

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समय सीमा समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली, साथ ही आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने राजिम कुंभ कल्प के समापन कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री साय के आगमन की सभी तैयारी को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यालयों में कार्यालयीन समय में अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यालय में बायोमेट्रिक के माध्यम से उपस्थित के लिए कर्मचारियों की पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय कर्मियों की अनिवार्यतः बायोमेट्रिक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के कार्य को सुचारू रूप से लागू करने के लिए दिए। पंजीयन के कार्य के लिए छूटे हुए विभागों के अधिकारियों सहित अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का अनिवार्यतः पंजीयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में विभिन्न योजनाओं के सैचुरेशन की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने राशन कार्ड, वन अधिकार पट्टा, आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से पूरक पोषण आहार वितरण, एनएनसी रजिस्ट्रेशन, कौशल विकास पंजीयन, स्वास्थ्य कार्ड, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं श्रमिक पंजीयन आदि की जानकारी लेकर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में किसान पंजीयन की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने गांव में मुनादी करा कर किसानों का पंजीयन करने कैंप लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं पटवारी को सक्रिय कर गांव में कैंप लगाने को कहा। साथ ही वीएलई का मैपिंग कर सभी किसानों का हल्का वार पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान पंजीयन के कार्य को गंभीरता पूर्वक करते हुए 7 दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कोलाहल अधिनियम का पालन सुनिश्चित करें - कलेक्टर

त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दता के साथ मनाएं-पुलिस अधीक्षक

धमतरी(विश्व परिवार)। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज प्रमुखों और अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात 10 बजे के बाद कोई भी साउण्ड सिस्टम प्रयोग नहीं होगा। इसके साथ ही कोई भी जुलूस, सभा, शोभायात्रा, भंडारा, जनसमुदाय एकत्रीकरण की सूचना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा थाने को देने और आयोजन की विधिवत् अनुमति लेने कहा। उन्होंने सड़क पर किसी भी स्थिति में जाम ना हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, यातायात नियमों का पालन हो, होली में तेज आवाज वाले फूहड़ गीत, गाड़ियों में भोपू इत्यादि का उपयोग ना हो, होलिका दहन का स्थल निर्धारण हो, हरे-भरे वृक्षों को नहीं काटने, धार्मिक भावना आहत न हों इसका विशेष ध्यान रखने कहा। होली के पूर्व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही कहीं भी कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल थाने और मजिस्ट्रेट को सूचित करने कहा। उन्होंने बिना अनुमति अथवा अनुमति के शर्तों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक श्री वार्ष्णेय ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्द्रता से पर्वों को बनाया जाए। होली, शिवरात्रि पर्व के लिए पूर्व से ही अनुमति ली जाए। समाज प्रमुख यह ध्यान में रखें कि किसी की धार्मिक भावना को ठेस न लगे। अपने आसपास असामाजिक तत्वों के होने की सूचना अनिवार्य रूप से दें, साउण्ड सिस्टम तेज आवाज में नहीं बजाएं और छोटे-छोटे नगाड़े एवं बाजे बजाएं, ताकि इससे किसी को दिक्कत नहीं हो। यातायात नियमों का पालन करें। एसपी ने कहा कि रूट निर्धारित कर इसकी जानकारी अवश्यक दी जाए, अन्यथा संबंधित के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी अनुभागों में भी शांति समिति की बैठक आहूत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में एएसपी ने कहा कि होली में शराबखोरी, बाइकर्स, तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चालाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही गली-मोहल्लों में डीजे लगाकर हुड़दंग करने वालों पर भी नजर रखी जाएगी।

जेल में परिरुद्ध बंदियों को गंगा स्नान का मिला पुण्य लाभ

दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)। जिला जेल दंतेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार गृह मंत्री विजय शर्मा एवं जेल मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार 25 फरवरी को जिला जेल दंतेवाड़ा में परिरुद्ध बंदियों हेतु कहाकुंभ प्रयागराज से लाये गये गंगाजल से स्नान की सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें आध्यात्मिक शुद्धि का अवसर प्रदान किया गया। इसके लिए जिला जेल की दो पानी टंकियों को साफ-सफाई कर फूलों से सजाया गया तथा गंगाजल की पूजा अर्चना कर पानी की टंकी में प्रवाहित किया गया। तत्पश्चात् लगभग 460 बंदियों द्वारा जयकारा लगाते हुये पूरे हर्ष एवं उत्साह के साथ गंगा स्नान किया गया। चूंकि संस्कार और संस्कृति हमारी पंरम्पराओं का अटूट हिस्सा है। और आध्यात्मिक भावनाओं से किसी को भी वंचित नहीं किया जा सकता। सुधार और पुनर्वास के निहितार्थ जेल में परिरुद्ध बंदियों में आत्मशुद्धि और नैतिक उत्थान की भावना को बलवती करने के उद्देश्य से पवित्र गंगाजल से स्नान कराया गया। बहरहाल जेल प्रशासन के इस सदप्रयास से सभी बंदी अत्यंत प्रफुल्लित हुए और उन्होंने शासन तथा जेल प्रशासन शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस गंगा स्नान हेतु जेल प्रशासन ने बंदियों की श्रद्धा, आस्था को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज से लाये गये गंगाजल से स्नान हेतु विशेष व्यवस्था की गयी थी। ताकि वे भी अमृत स्नान एवं पुण्य का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जी. एस.शोरी, मनीष कुमार दिवाकर सहायक जेल अधीक्षक, संतोष कुमार पोर्ते, प्रहरी ज्ञान प्रकाश पैकरा, प्रहरी, पुरुषोत्तम मेरावी, प्रहरी, रामकुमार नेताम, प्रहरी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

व्यापार समाचार

इलेक्रामा 2025 में 20 स्टार्टअप्स की प्रतिस्पर्धा में एआई, स्वचालन और सस्टेनेबिलिटी सबसे आग

ग्रेटर नोएडा। एक दिन पहले श्री पीयूष गोयल के एक प्रभावशाली संबोधन के बाद, बहुप्रतीक्षित आईईईएमए के स्टार्टअप्स से जुड़े प्रमुख कार्यक्रम इलेक्ट्रावर्स स्पार्क्स के तीसरे संस्करण के उद्घाटन के साथ इलेक्रामा 2025 के चौथे दिन उत्साह का माहौल बना रहा। इस मंच पर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, एआई, ऑटोमेशन और सस्टेनेबिलिटी समाधानों में अपने सफल नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए अर्ली-स्टेज और लेट-स्टेज स्टार्टअप्स एक साथ आए। यह कार्यक्रम 20 सबसे भरोसेमंद स्टार्टअप्स के लिए एक प्रतिस्पर्धी मंच के तौर पर सामने आया, जिनमें से प्रत्येक ने उद्योग को बदलने की क्षमता वाले अत्याधुनिक समाधान प्रस्तुत किए। मिनिस्ट्री ऑफहैवी इंडस्ट्रीज में संयुक्त सचिव विजय मित्तल (आईओएफएस) की उपस्थिति में आज वर्ल्ड यूटिलिटी समिट (डब्ल्यूयूएस) का समापन हुआ और इसमें ग्रिड आधुनिकीकरण, सस्टेनेबिल एनर्जी से जुड़ी नीतियों और बिजली क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन के बारे में बहुमूल्य जानकारियां दी गईं। इसके साथ ही, उभरती टेक्नोलॉजीज के लिए उद्योग के प्रमुख फोरम ईटेकनेक्स्ट का समापन एआई इंटिग्रेशन, आईओटी-आधारित स्मार्ट ग्रिड और एनर्जी मार्केट्स में ब्लॉकचेन एप्लिकेशंस पर चर्चा के साथ हुआ। मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्रीज में संयुक्त सचिव विजय मित्तल (आईओएफएस) ने डब्ल्यूयूएस के समापन के दौरान कहा, विद्युत ऊर्जा उत्पादन और यूटिलिटीज के क्षेत्र में सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों के साथ जुड़ना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। पेशे से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में, पनबिजली (हाइड्रो पावर) उत्पादन से लेकर वर्तमान भूमिका तक की मेरी यात्रा के दौरान हैवी इलेक्ट्रिकल सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति मेरा भरोसा और मजबूत हुआ है। भारत में ऊर्जा की मांग वैश्विक औसत से ज्यादा गति से बढ़ रही है और हमारा ध्यान घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने, सप्लाई चेन में लचीलेपन को मजबूती देने और ग्रीन एनर्जी समाधानों को अपनाने में तेजी लाने पर होना चाहिए।

बजाज ने महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए 24×7 सेवा केंद्र खोलकर उनकी यात्रा को सुगम बनाया

नईदिल्ली। महाकुंभ मेला 2025 में जहां लाखों लोग आस्था की डुबकी लगाने निकले हैं, वहीं बजाज ने 24×7 सेवा केंद्र की सुविधा के साथ उनकी यात्रा को आरामदायक बना दिया। पवित्र मौनी अमावस्या के दिन से, बजाज ने थके हुए श्रद्धालुओं को मुफ्त गर्म पानी की थैलियां दीं, जिससे उन्हें कड़ाके की ठंड में जरूरी गर्माहट और आराम मिला। लगभग 1,00,000 से ज्यादा भक्तों को यह सेवा देकर, बजाज ने हर यात्रा में एक भरोसेमंद साथी होने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। इस पहल में आकर्षण का केंद्र था, बजाज पेंटाकल डिजी वॉटर हीटर, जो निरंतर गर्म पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करता है। हर परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन और मजबूती के साथ बना यह गीजर, बजाज के भरोसेमंद होने के वादे को पूरा करता है।

कलर्स के सेलेब्स ने महाशिवरात्रि के अपने रिवाज़ों और मान्यताओं के बारे में खुलकर बात की

कलर्स के 'राम भवन' में ओम का किरदार निभा रहे मिश्कत वर्मा कहते हैं, मुझे महादेव का दर्शन बेहद प्रासंगिक लगता है- अतीत की बातों को भूलकर, वर्तमान में यकीन करो, और आगे की सफर के प्रति पूर्ण समर्पण करो। इन मान्यताओं ने मुझे एक इंसान के तौर पर बेहतर बनाया है, जिससे मुझे अपनी ज़िंदगी और अपने क्राफ्ट में शांति और स्पष्टता मिली है। इससे भी खास बात यह है कि राम भवन में मेरा किरदार, ओम, इन्हीं आदर्शों का प्रतीक है- दृढ़ता, सच्चाई, और नियति पर अटूट विश्वास- ये आदर्श महादेव की शिक्षा के मूल में हैं। मैं महा शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर जाऊंगा और कुछ समय ध्यान करूंगा। यह पवित्र रात हमें याद दिलाती है कि धैर्य, यकीन, और ईश्वर की कृपा पर विश्वास हमें सबसे कठिन तूफानों से भी निकाल सकता है। मेरी कामना है कि हम सभी को भगवान शिव के आशीर्वाद से बीती बातों को भूलकर आगे बढ़ने और वास्तविकता को स्वीकार करने का ज्ञान मिले। हर हर महादेव! कलर्स के 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में मीनाक्षी की भूमिका निभा रहीं सुभा राजपूत कहती हैं, शिव शक्ति- तप त्याग तांडव का हिस्सा बनना ऐसा आशीर्वाद है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। दर्शकों ने शो को जो प्यार और समर्पण दिखाया है, उसने इस सफर को और भी अधिक सार्थक बना दिया है, और मैं खुद को सौभाग्य मानती हूं कि मुझे हमारी संस्कृति और आध्यात्मिकता में इतनी गहराई से निहित कहानी को जीवंत करने का अवसर मिला है।

3 में से 2 भारतीय बादाम को हाई प्रोटीन स्नैक मानते हैं: सर्वे

रायपुर। वर्ल्ड प्रोटीन डे के मौके पर आमंड बोर्ड ऑफकैलिफोर्निया के सहयोग से यूगोव द्वारा किए गए एक नए सर्वे में पता चला है कि ज्यादातर भारतीय प्रोटीन को एनर्जी पाने और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए बेहद जरूरी मानते हैं। भारत के 17 शहरों में 4,300 लोगों पर किए गए इस सर्वे में यह बात सामने आई कि 3 में से 2 भारतीय (65प्रतिशत) बादाम को हाई-प्रोटीन स्नैक मानते हैं। लखनऊ (38प्रतिशत), तिरुवनंतपुरम (37प्रतिशत), कोयंबटूर (34प्रतिशत), गुवाहाटी (34प्रतिशत) और इंदौर (31प्रतिशत) जैसे छोटे शहरों में बादाम को प्रोटीन के स्रोत के रूप में ज्यादा पहचान मिली है। दिलचस्प बात यह है कि इन शहरों में पहचान का स्तर बड़े शहरों से ज्यादा था, जिससे पता चलता है कि शहरी के बाहर भी बादाम को प्रोटीन से भरपूर स्नैक के रूप में ज्यादा स्वीकार किया जा रहा है।

सर्वे में पाया गया कि भारत में प्रोटीन के लिए बादाम टॉप पांच विकल्पों में शामिल हैं। प्रोटीन का एक प्राकृतिक स्रोत, बादाम खासकर कैलिफोर्निया आमंड्स 15जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिनमें स्वास्थ्यवर्धक फैट्स, डाइटरी फाइबर, मैग्नीशियम, पोटेशियम और जिंक शामिल हैं। रोजाना खाने पर, ये कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं, जिससे वे भारतीयों के बीच एक पसंदीदा स्नैकिंग विकल्प हैं।

वूमेन प्रीमियर लीग : यूपी वॉरियर्स ने बनाया शानदार रिकॉर्ड, सुपर ओवर में आरसीबी को हराया

नई दिल्ली(एजेंसी)। वूमेन प्रीमियर लीग 2025 में 9वां मैच बेहद रोमांचक अंदाज में यूपी वारियर्स वूमेन टीम की जीत के रूप में समाप्त हुआ। यूपी वॉरियर्स को यह जीत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सुपर ओवर में मिली क्योंकि दोनों ही टीमों ने 20 ओवरों में 180 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद मुकाबला टाई होकर सुपर ओवर में गया। बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सोफी एक्लेस्टोन ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी दिया गया। वूमने प्रीमियर लीग में लगातार तीन मैच हारने के बाद यह आरसीबी के खिलाफ यूपी वारियर्स की पहली जीत थी। इस मैच में यूपी वॉरियर्स ने 20वें ओवर में तूफानी बैटिंग करते हुए 17 रन बनाए। यह भी अपने आप में एक बड़ा रिकॉर्ड है क्योंकि यह महिला प्रीमियर लीग में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है जो जीत या टाई रिजल्ट में बना है। इससे पहले, 2023 में डीवाई पाटिल स्टेडियम में यूपी वारियर्स ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ 19 रन बनाकर जीत हासिल की थी। सोफी एक्लेस्टोन इस मैच में यूपी वॉरियर्स टीम की जीत की सूत्रधार साबित हुईं। उन्होंने केवल 19 गेंदों पर 1 चौके और चार छक्के के साथ 33 रनों की पारी खेली। महिला प्रीमियर लीग में नंबर 9 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे ज्यादा स्कोर है। सोफी एक्लेस्टोन के अलावा एक और दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पैरी भी इस मुकाबले का हिस्सा थीं। आरसीबी की इस खिलाड़ी ने नंबर तीन पर 56 गेंदों का सामना करते हुए 90 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने गेंदबाजी में भी 2 ओवर में 10 रन देकर 1 विकेट लिया। महिला प्रीमियर लीग में पैरी अपनी क्लास दिखाने में सफल रही हैं क्योंकि यह इस लीग में उनका 7वां अर्धशतक था।

पेटीएम ने व्यापारियों के लिए भारत का पहला सोलर साउंड बॉक्स लॉन्च किया

जयपुर(एजेंसी)। पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) जो भारत की अग्रणी भुगतान और वित्तीय सेवा वितरण कंपनी है तथा क्यूआर कोड, साउंड बॉक्स और मोबाइल भुगतान की अग्रणी रही है, ने व्यापारियों के लिए 'पेटीएम सॉलर साउंडबॉक्स' लॉन्च किया है, जो भारत में अपनी तरह का पहला उपकरण है। यह इनोवेशन हल्की धूप में भी जल्दी चार्ज होकर पूरे दिन की पावर प्रदान करता है, जिससे छोटे दुकानदारों और व्यापारियों को बिना किसी परेशानी के भुगतान और विश्वसनीय सेवा मिलती है। भारत में बना यह पेटीएम सॉलर साउंड बॉक्स एक एनवायरमेंट फ्रेंडली समाधान है, जो कम लागत वाले वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत का उपयोग करता है। यह ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के साथ-साथ उन स्थानों में भी व्यापारियों को डिजिटल इकोसिस्टम का हिस्सा बनने में सक्षम बनाता है जहां बिजली की कमी होती है। इसके साथ, पेटीएम व्यापारियों को समर्थन देना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और पूरे देश में स्थायी प्रथाओं को प्रोत्साहित करना जारी रखता है।

आईपीएल 2025 शुरू होने से पहले चेन्नई ने लिया बड़ा फैसला, इसे सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

चेन्नई(एजेंसी)। मार्च में शुरू होने वाले आईपीएल 2025 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य्र) ने बड़ा फैसला लिया है। ष्टस्य्र ने श्रीधरन श्रीराम को सहायक गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। ष्टस्य्र में पहले सहायक गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी ड्वेन ब्रावो (ष्ठ2ड्ड4ठ्ठद्ग क्चह्ड्ड1श) संभाल रहे थे। लेकिन अब वह कोलकाता नाइट राइटर्स के मेंटर बन गए हैं। बता दें कि टीम महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पांच बार आईपीएल का खिताब जीती है। वहीं, श्रीधरन श्रीराम साल 2016 से 2022 तक ऑस्ट्रेलियाई टीम के सहायक कोच थे। उन्होंने आरसीबी की टीम के साथ बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया। फिर अगस्त 2022 में उन्हें एशिया कप और टी20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश का टी20 सलाहकार भी नियुक्त किया गया था। वह बांग्लादेश की टीम के लिए टेक्निकल कंसलटेंट की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। ष्टस्य्र में कई स्पीनर्स शामिल अब चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में वह हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग, बैटिंग कोच माइक हसी के साथ काम करने के लिए उत्सुक होंगे। सीएसके की टीम में रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और नूर अहमद जैसे स्पिनर्स शामिल हैं। रुतुराज गायकवाड़ को टीम का कप्तान बनाया गया है। बता दें कि ढ्ढक्क 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स अपना पहला मुकाबला 23 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगी। पिछले सीजन गायकवाड़ की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। आईपीएल 2025 के लिए ष्टस्य्र की टीम में राहुल त्रिपाठी, रचिन रवींद्र, डेवोन कॉन्वे, दीपक हुड्डा और मुकेश चौधरी जैसे प्लेयर्स शामिल हैं।

एसबीआई ने 2055 में अपने शताब्दी वर्ष के लिए नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य किया निर्धारित

मुंबई(एजेंसी)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपने शताब्दी वर्ष 2055 तक उत्सर्जन में नेट जीरो होने का लक्ष्य रखा है। एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने हाल ही में यह जानकारी दी। सेट्टी ने यह घोषणा एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 5 कार्यक्रम में की, जिसे उन्होंने 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी कैटेगरी में भाग लेने वाले 10,000 से ज्यादा रनर्स-कम ग्रीन इंडिया एम्बेसडर के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 2018 में अपनी स्थापना के बाद से, एसबीआई ग्रीन मैराथन भारत के मिशन लाइफ ־ पर्यावरण के लिए जीवन शैली% के प्रति बैंक के ठोस समर्पण का प्रतीक बन गया है। यह बैंक की एक स्थायी भविष्य के लिए इसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस रोमांचक कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अलग-अलग दौड़ की कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को 21 किमी की दौड़ में 15,000 रुपये, 10,000 रुपये और 7,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी तरह 10 किमी की दौड़ में 10,000 रुपये, 7,000 रुपये और 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस द्वारा मैराथन के प्रमाणन ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया, जिससे उन्हें मैराथन समुदाय के भीतर वैश्विक मान्यता मिली। सभी प्रतिभागियों को और अधिक प्रेरित करने के लिए, इस कार्यक्रम में दिग्गज धावक विनोद कुमार शर्मा, बरुन कुमार, विशाक कृष्णस्वामी, आशीष आर्य मौजूद थे। इसके अलावा, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की भागीदारी इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थी। मुंबई और जयपुर के बाद, एसबीआई ग्रीन मैराथन 2 मार्च को भोपाल और 9 मार्च, 2025 को दिल्ली में समाप्त होगी। 12 शहरों में अपने सीजन 5 की यात्रा के हिस्से के रूप में, एसबीआई ग्रीन मैराथन पहले ही विशाखापत्तनम, लखनऊ, चंडीगढ़, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, भुवनेश्वर और पटना में आयोजित की जा चुकी है। कंपनी के बयान के अनुसार, एसबीआई ग्रीन मैराथन हरित और अधिक सस्टेनेबल भारत के लिए बैंक की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एसबीआई संपत्ति, जमा, शाखाओं, ग्राहकों और कर्मचारियों के मामले में देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है। यह देश का सबसे बड़ा बंधक ऋणदाता भी है, जिसने अब तक 30 लाख से अधिक भारतीय परिवारों के घर खरीदने के सपने को पूरा किया है।

सिम खरीदने से पहले जरूर जाने ये जानकारी नहीं तो लगेगा 2 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली(एजेंसी)। साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए टेलीकॉम इंडस्ट्री ने सिम कार्ड से जुड़े कई बदलाव किए हैं। जो कि लागू भी कर दिए गए है। नियमों के मुताबिक अगर आप अपने आधार कार्ड से कई सिम लेते है तो आपकों लाखों रुपए का जुर्माना भी लग सकता है। सिम कार्ड को बेचने के लिए सरकार ने रिटेलर्स के लिए नए नियम जारी कर दिए हैं। अब रिटेलर्स को इस प्रक्रिया का पालन कर ही सिम कार्ड बेचना होगा। ग्राहक के नाम पर कितने सिम कार्ड कनेक्शन हैं, इसकी जांच करनी होगी। साथ ही अगर ग्राहक ने अलग-अलग नाम से कनेक्शन लिए हैं, तो उसकी भी जांच अब की जाएगी। इसके साथ ही ग्राहक की फोटो भी अब 10 अलग-अलग एंगल से लेनी होगी। नियमों के अनुसार, एक व्यक्ति अपने आधार से सिर्फ 9 सिम खरीद सकता है। 9 से ज्यादा सिम कार्ड रखने पर पहली बार उल्लंघन करने वाले पर 50,000 रुपये और बार-बार उल्लंघन करने वालों के लिए 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी के साथ गलत तरीके से सिम कार्ड लेने पर 50 लाख रुपये तक का जुर्माना और तीन साल की जेल का प्रावधान है

भारत की स्ट्रीट-स्मार्ट EV अब हुई और भी स्टाइलिश : पेश है MG कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म

रायपुर। देश की अग्रणी इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी JSW MG मोटर इंडिया ने कॉमेट EV के पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को पेश किया है। यह नई पेशकश भारत की इस स्ट्रीट-स्मार्ट EV को और भी स्टाइलिश और आकर्षक बनाती है। 7.80 रुपए + बैटरी रेंटल @ 2.5 रुपए/किमी. की एक्स-शोरूम कीमत पर लॉन्च की गई कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को टॉप वैरिएंट के रूप में पेश किया गया है। वे ग्राहक जिन्हें शहरी आवाजाही के लिए स्टाइलिश और तकनीक से भरपूर कार की तलाश थी, अब वे अपनी नजदीकी स्त्र डीलरशिप पर जाकर 11,000 रुपए का भुगतान कर नई MG कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को बुक कर सकते हैं। कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म अपने 'स्टेरी ब्लैक' एक्सटीरियर के साथ खूबसूरती और स्टाइल का एहसास कराती है, इसके साथ यह कार और भी आकर्षक बन जाती है। कॉमेट EV नेमप्लेट को गहरे क्रोम में उकेरा गया है और इंटरनेट इनसाइड को काले रंग में पेश किया गया है। यह बदलाव देखने वालों का ध्यान तेजी से आकर्षित करता है। इसके इंटीरियर को भी ब्लैक थीम के साथ पेश किया गया है। इसकी लेदरेट सीटों पर लाल रंग से 'ब्लैकस्टॉर्म' शब्द की कढ़ाई की गई है। इससे यह कार और भी प्रीमियम लुक में दिखाई देती है। संगीत प्रेमियों के लिए, कंपनी ने कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को 4 स्पीकर के साथ पेश किया है। इससे अब ट्रैफ्रिक की भीड़ में भी आप सुकून के साथ सफर कर सकेंगे। इस नए एडिशन में 17.4 kWh की बैटरी दी गई है जो फ़ास्ट-चार्जिंग को सपोर्ट करती है। यह बैटरी 230 किलोमीटर* की प्रमाणित रेंज प्रदान करती है। ग्राहक अपने कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को एक खास एक्सेसरी पैक के साथ और भी पर्सनलाइज बना सकते हैं। इस एक्सेसरी पैक में एक खास बैज, व्हील कवर और हुड ब्रांडिंग और स्किड प्लेट जैसे स्टाइलिंग विकल्प मौजूद हैं। इस नए लॉन्च के बारे में बात करते हुए, JSW MG मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहा, आज के आधुनिक भारतीय ग्राहक एक ऐसी कार की तलाश कर रहे हैं जो न सिर्फ बेहद खास हो, बल्कि उसमें उनके व्यक्तित्व की भी झलक दिखाई देती हो। आज के ग्राहक बोल्ड रंगों को पसंद कर रहे हैं।

शक्ति ग्रुप ने रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में 1700 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की

भोपाल। सोलर पम्पस और मोटर्स के अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने आज मध्य प्रदेश में 1700 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की। पीथमपुर में लगभग 64 हेक्टयर इंडस्ट्रियल लैंड पर होने जा रहे इस विस्तार में रिन्यूएबल एनर्जी सोलर वेफ़र से सोलर सेल, सोलर पंपिंग सिस्टम और इलेक्ट्रिक व्हीकल कम्पोनेंट्स के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित होंगी, जिससे प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। इन प्रोजेक्ट्स में प्रोडक्शन शुरू होने पर शक्ति पम्पस देश की पहली कंपनी होगी जिसके पास सोलर पम्पिंग इंडस्ट्री की सारी जरूरतें जैसे पम्पस, मोटर्स, सोलर पैनल, स्ट्रक्चर, वीएफ़्डी, इन्वर्टर आदि बनाने की क्षमता होगी। 1982 में स्थापित शक्ति पंप्स की भारतीय बाजार में 40 से अधिक वर्षों की समृद्ध विरासत है। कंपनी घरेलू, कृषि, औद्योगिक, सौर और सीवेज पंप सहित पंपों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करती है, जो अलग - अलग जरूरतों को पूरा करती है। भारतीय सोलर पंप मार्केट में एक मान्यता प्राप्त लीडर, शक्ति पंप्स एनर्जी एफिशिएंसी और स्थिरता पर जोर देते हुए दुनिया भर के 100 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात करता है। कंपनी ने लगातार मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और लाभप्रदता का प्रदर्शन किया है। शक्ति पंप्स, सोलर पम्पस के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की पीएम कुसुम योजना का एक चैनल पार्टनर भी है, जो रिन्यूएबल एनर्जी सोलुशंस के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह रणनीतिक निवेश शक्ति समूह के अंतर्गत तीन अलग-अलग कंपनियों के माध्यम से किया जाएगा, जो सभी मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित हैं:

शक्ति एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड: यह कंपनी 1200 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के साथ वेफ़र से सोलर सेल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसकी क्षमता 2 गीगा वॉट होगी. उद्यम से लगभग 4000 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड: ग्रुप इस इकाई में 250 करोड़ रुपयों का अतिरिक्त निवेश कर सोलर पंप, मोटर, वीएफ्डी (वैरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव), इनवर्टर, संरचनाओं और अन्य संबंधित घटकों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

गुरुवार 27 फरवरी 2025

सीएम विष्णुदेव साय ने चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर (विसं)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 27 फरवरी को महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक थे, जिनके भीतर मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण और अपराजेय साहस था। चंद्रशेखर आजाद जी ने अपने जीवन की अंतिम सांस तक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, लेकिन कभी भी ब्रिटिश हुकूमत के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया। उनका बलिदान देशभक्ति, स्वाभिमान और वीरता का अद्वितीय उदाहरण है, जिसने हजारों युवाओं के हृदय में क्रांति की मशाल प्रज्वलित कर दी।

संक्षिप्त समाचार

शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, किया गया विशाल भंडारे का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। सुबह से ही शिव भक्त मंदिरों में पहुंच रहे हैं। महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर विभिन्न जगहों पर भंडारे का भी आयोजन जगह – जगह किया जाता है। इस वर्ष भी शंकर नगर वार्ड के पूर्व पार्षद सुमन राम प्रजापति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए किया गया। हर साल की तरह इस साल भी महाशिवरात्रि में विशेष पूजा कर श्रद्धालुओं को प्रसादी दी गई। इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का ग्रहण किया किया।

कांग्रेस में एक-दूसरे को निपटाने का चल रहा खेल : डिप्टी सीएम अरुण साव

रायपुर (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में का आरोप लगाते हुए कहा कि शराब घोटाले को लेकर ईडी की कार्रवाई चल रही है. अब तक साक्ष्य और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई हुई है. कांग्रेस राजनीतिक बयानबाजी करके जनता का ध्यान भटकने की कोशिश ना करे.कांग्रेस नेताओं के निकाय चुनाव में हुई पार्टी की हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़े जाने पर अरुण साव ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में एक-दूसरे को निपटाने का खेल चल रहा है. कांग्रेस डूबती हुई नाव की तरह होती जा रही है. कांग्रेस नेताओं के झगड़े को जनता ने पांच साल भोगा, अब उस झगड़े का खामियाजा खुद भोगेंगे.

15 साल की काली कमाई से भाजपा ने बनाया अपना कार्यालय : दीपक बैज

रायपुर (आरएनएस)। सुकमा और कोंटा के राजीव भवन निर्माण को लेकर ईडी के समन पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं का पारा चढ़ा हुआ है. पीसीसी चीफदीपक बैज ने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उल्टे भाजपा पर 15 साल की काली कमाई से कार्यालय के निर्माण का आरोप मढ़ा है. छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में ईडी से 200 करोड़ की लागत से बने बीजेपी कार्यालय का हिसाब लेने की कही बात है. उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है. उन्होंने सेंट्रल एजेंसी पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया.बैज ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए कार्यकर्ताओं के सहयोग और छेर-छेरा पुन्नी के दान से कांग्रेस भवन बना था.

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद के कर कमलों से 22वें अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ

रायपुर (विश्व परिवार)। दिनांक 25 फरवरी, को सायं 06:30 बजे सेक्रेसा मैदान, डब्ल्यू आर एस कॉलोनी में 22वें अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का रंगारंग शुभारंभ माननीय मंडल रेल प्रबंधक महोदय श्री दयानंद जी के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। ढोल नगाड़ों के साथ मुख्य अतिथि एवं अन्य अथितियों का स्वागत मैदान में किया गया। उदघाटन समारोह में मुख्य कार्यशाला प्रबंधक श्री एम के भंडारी जी, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल जी के अलावा मंडल के अधिकारी भी उपस्थित थे। वरिष्ठ खेल अधिकारी व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल गर्ग के द्वारा सभी को पौधे देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष प्रथम बार प्रतियोगिता के लिए शुभंकर गौरैय्या चिड़िया को रखा गया साथ ही गौरैय्या चिड़िया को बचाईए के प्रचार वाक्य के साथ शुभंकर का अनावरण मंडल रेल प्रबंधक महोदय के द्वारा जैव विविधता संरक्षण के संदेश के साथ किया गया। इसके पश्चात भाग लेने वाली सभी टीमों के कप्तानों द्वारा मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया गया। छोटे छोटे बच्चों द्वारा टीमों का ध्वजवाहक बनकर अगुवाई करना एक नयनाभिराम दृश्य को प्रदर्शित कर रहा था। खिलाड़ियों में ऊर्जा, जोश एवं स्फूर्ति को भरने के लिए एक जोशीली प्रेरणास्पद गीत अभी आगाज है तेरा का प्रदर्शन किया गया।

22वां डीआरएम कप-2025 का शानदार आगाज़

वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री राहुल गर्ग ने 22 वां डी आर एम कप 2025 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष होने वाले टूर्नामेंट की रूपरेखा और अन्य नियमों से सभी का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी से 13 मार्च तक चलने वाले इस खेल महासंग्राम में कुल 20 टीमें भाग लेंगी। लीग व नॉक आॅउट पदत्ति से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में नॉक आॅउट दौर के मैचेस दूधिया रोशनी में खेलें जायेंगे।

इसके पश्चात माननीय मंडल रेल प्रबंधक महोदय श्री दयानंद जी ने अपने संबोधन भाषण में न सिर्फ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया बल्कि खेल भावना का परिचय देते हुए हार जीत का अलग रख कर सिर्फ इन पलों के मनोरंजन करने की भी सलाह दी। साथ ही परिणाम की चिंता न करते हुए उन्होंने कहा कि सभी ये सोच कर खेलें कि हम ही जीत रहें हैं। इसके बाद श्री दयानंद की कर कमलों से मैदान के बीच रखें इस वर्ष प्रदान किए जाने वाले ट्राफियों का अनावरण किया गया साथ ही गुब्बारे छोड़ कर प्रतियोगिता का आगाज किया गया। इस दौरान मैदान पर आतिशबाजी का जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने 22 वां डी आर एम कप 2025 कप के विधिवत उदघाटन की घोषणा की। अंत में खेल सचिव श्री दीपक प्रधान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अथितियों ने पूरे कार्यक्रम के शानदार आयोजन के लिए खेल सचिव एवं पूरे सेक्रेसा परिवार की प्रशंसा की।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में डॉ. अबीर मिश्र द्वारा नि:शुल्क दंत परीक्षण एवं उपचार

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी डंगनिया औषधालय द्वारा नि:शुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आये ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने दंत परीक्षण एवं परामर्श का लाभ लिया। दंत विशेषज्ञ डॉ अबीर मिश्र (एम.डी.एस कंजर्वेटिव एंड माइक्रो एंडोडोन्टिक्स) ने मरीजों के दांतों के परीक्षण के साथ लोगों को दांत की देखभाल के घरेलू उपचार भी बताये। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग दांत मे दर्द, सूजन और केविटी होने पर ही जॉच करवाने आते हैं। इस स्थिति में उपचार के अलावा कोई विकल्प नही रहता जबकि दांतों के नियमित देखभाल और वार्षिक परीक्षण से दांतों को लंबे समय तक सुरक्षित तक रखा जा सकता है। उन्होंने उपचार की दर्दरहित और नई तकनीक के बारे में लोगों को जागरूक किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एच.एल.पंचारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में कैशलेस योजना के तहत दांत संबंधी इलाज के प्रावधान है। कर्मियों को कैशलेस या प्रतिपूर्ति द्वारा कम खर्च में बेहतर सुविधायें दी जा रही है। पॉवर कंपनी मे निरंतर मेडिकल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है जिसका लाभ पात्र अधिकारी, कर्मचारी, पेंशनर्स एवं सदस्य ले सकते हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. इंदु साहू एवं डॉ. निलेश सिंह भी उपस्थित थे जिन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए डॉ.अबीर मिश्र का स्वागत किया।

रायपुर मंडल के द्वारा आपरेशन अमानत के तहत यात्री का छूटा सामान मिल रहा

रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट

रायपुर (विश्व परिवार)। ऑपरेशन अमानत भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई एक पहल है जो ट्रेन में यात्रा करते समय यात्रियों द्वारा छूटे हुए सामान को वापस पाने में उनकी मदद करती है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यात्रियों द्वारा रेल मदद पर दर्ज कोई सामान की जानकारी चेकिंग के दौरान ट्रेनों में पाए गए लावारिस सामान को ट्रेस कर संबंधित व्यक्तियों की जाँच कर सामान पहुंचती है। इसी कड़ी में दिनांक 14.02.2025 को मुख्य सुरक्षा निरीक्षक कक्ष रेलवे सुरक्षा बल रायपुर से रेल मदद के माध्यम से सूचना मिला कि, गाडी संख्या 18425 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस में यात्री का सामान छूट गया है। सूचना मिलने पर तथा उक्त गाडी के रेलवे स्टेशन दुर्ग आने पर सहायक उप निरीक्षक निरंजन द्वारा यात्री के बताये अनुसार बी.02 कोच के बर्थ न. 19 पर जाकर देखा तो यात्री का बैग मिल गया, जिसे लाकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग मे सुरक्षित रखा गया। दिनांक 14.02.2025 को एक व्यक्ति रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग मे आया तथा अपना नाम व पता तरुण सिंह रघुवंसी, पिता राम सिंह रघुवंसी, उम्र 37 साल, निवासी ग्राम खमतरा, पोस्ट पहरुवा खमतरा, जिला कटनी के अनुसार बी.02 कोच के बर्थ न. 19 पर भूवनेश्वर से रायपुर तक यात्रा कर रहा था। रेलवे स्टेशन रायपुर मे उतरते समय जल्दबाजी मे अपना बैग जिसके अन्दर लैपटॉप, चस्मा, दवाईयॉ, तथा अन्य सामान जिनकी अनुमानित कीमत रु 1, 50, 000/- थी बर्थ पर ही छूट गया। परिचय सत्यापन के पश्चात सहायक उप निरीक्षक निरंजन द्वारा यात्री को बैग लैपटॉप तथा अन्य सामान सहित सही सलामत सुपुर्द किया।

एमएनवीएस प्रभाकर कार्यकारी निदेशक ने एनएसएल स्टील प्लांट, नगरनार के प्रमुख के रूप में कार्यभार सम्भाला

एनएमडीसी स्टील
NMDC STEEL

नगरनार (विश्व परिवार)। एमएनवीएस प्रभाकर, कार्यकारी निदेशक, ने 21 फरवरी 2025 को एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (NSL) के एकीकृत स्टील प्लांट के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। श्री प्रभाकर ने पदभार ग्रहण करने पर कहा, एनएसएल, नगरनार की गतिशील टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस टीम ने अपने कमीशनिंग के बाद बहुत कम समय में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मैं स्टील प्लांट के सभी हितधारकों से, आंतरिक और बाहरी दोनों, समर्थन की आशा करता हूं ताकि हम सामूहिक रूप से इस स्टील प्लांट की न केवल बस्तर या छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के गौरव के रूप में पहचान गढ़ें।

श्री प्रभाकर की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारत के सबसे युवा स्टील प्लांट ने हॉट रोल्ड कॉइल्स (एचआर कॉइल्स) बाजार में अपनी विशिष्ट जगह बनाई है और हॉट मेटल उत्पादन में 3 मिलियन टन आंकड़े के तरफ तेज़ी से बढ़ते हुए जल्द ही आर्थिक रूप से ब्रेक-ईवन करने के प्रयास में लगा है।

एक अनुभवी टेक्नोक्रेट, प्रभाकर, बी.टेक. (मेटलर्जी) और मानव संसाधन एवं विपणन में एमबीए हैं। एनएमडीसी स्टील प्लांट की ज़िम्मेदारी सँभालने से पहले वह सेल के राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) में मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी सर्विसेस) के पद पर पदस्थ थे। अपने 34 वर्षों से अधिक के सेवाकाल में श्री प्रभाकर आरएसपी में परिचालन के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों के प्रभारी रहे हैं, जिसमें उन्होंने संगठन के उ?द्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

वह ब्लास्ट फर्नेस टीम के प्रमुख सदस्यों में से एक रहे हैं और आरएसपी की ब्लास्ट फर्नेस नंबर 5 (दुर्गा) के स्थिरीकरण में भी उनकी विशेष भूमिका रही है। उसी तरह वह आरएसपी की डीकार्बोनाइजेशन पहल में अग्रणी रहे हैं। कच्चे माल के प्रबंधन और तैयार माल के परिवहन को सुचारू बनाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वह 'समन्वय' नामक टीम के अग्रणी सदस्यों में से थे, जिसके माध्यम से आरएसपी में काम करने वाले ठेकेदारों के मुद्दों को हल करने में बड़ी मदद मिलीश्री प्रभाकर की नगरनार स्थित एनएसएल के एकीकृत इस्पात संयंत्र के प्रमुख के रूप में नियुक्ति से इस नवोदित इस्पात संयंत्र के लिए अधिक स्थिरता और तीव्र विकास के युग की शुरुआत होने की उम्मीद है, क्योंकि उन्हें इस्पात उत्पादन के विभिन्न पहलुओं का व्यापक अनुभव है।

ऑपरेशन आघात : दो ट्रक, 14 हजार लीटर अवैध शराब जब्त

कीमत तीन करोड़, जशपुर में एक सुराग से हाईटेक सिंडिकेट का खुलासा

जशपुर (विश्व परिवार)। अंतरराज्यीय शराब तस्करों के खिलाफ जशपुर पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ऑपरेशन आघात के तहत पुलिस ने मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले से एक और अवैध अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक जब्त कर आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के साथ ही पुलिस अब तक दो ट्रकों से 1,574 पेटी शराब और कुल 14,027 लीटर अवैध शराब को जब्त कर चुकी है, जिसकी बाजार कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है।

यह मामला तब सामने आया जब दो दिन पहले पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पंजाब से झारखंड और बिहार की ओर अवैध शराब तस्करी की जा रही है। पुलिस ने लोरो घाट के पास एक 12 चक्के वाले अशोक लेलैंड ट्रक (PB vvCP 2003) को रोककर तलाशी ली। उसमें पुट्टी सीमेंट की बोरियों के नीचे 7, 015 लीटर शराब छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने तत्काल ट्रक चालक श्रवण सिंह (43) निवासी चंबा, पंजाब को गिरफ्तार कर लिया।

जांच के दौरान जब्त मोबाइल डेटा और पूछताछ से एक और ट्रक की जानकारी मिली, जिसमें बड़ी मात्रा में शराब होने की संभावना जताई गई। इसके बाद एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में एक टीम मध्य प्रदेश के अनूपपुर भेजी गई।

अनूपपुर से दूसरी ट्रक जब्त, आरोपी गिरफ्तार : साइबर सेल की मदद से संभावित ट्रक (UP vyDT 7849) को ट्रैक किया गया और जब जांच की गई तो इसमें 784 पेटियों में 18, 180 बोतल अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 7, 012 लीटर और बाजार मूल्य लगभग ढाई करोड़ रुपये था। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक बलविंदर उर्फ गोलू (25) निवासी पटियाला, पंजाब को हिरासत में ले लिया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक संजय विनायक मुदालियर का छत्तीसगढ़ दौरा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

रायपुर (विश्व परिवार)। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री संजय विनायक मुदालियर, दिनांक 24 और 25 फरवरी, 2025 को रायपुर अंचल के दौरे पर रहे। अपने दो दिनों के प्रवास के दौरान कार्यपालक निदेशक श्री मुदालियर ने बैंक के व्यवसाय विकास हेतु कई पहल किए। सर्वप्रथम दिनांक 24.02.2025 को बैंक ऑफ़ बड़ौदा अंचल कार्यालय, रायपुर में अंचल के सभी क्षेत्रीय प्रमुखों एवं अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ बैठक की और अंचल के व्यवसाय वृद्धि हेतु सभी स्टाफ सदस्यों से पूर्ण ऊर्जा, उत्साह और ग्राहक सेवा को शिरोधार्य रखने की सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने पर ज़ोर दिया।

इसी कड़ी में बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री संजय विनायक मुदालियर सहित अंचल प्रमुख श्री दिवाकर पी सिंह ने प्रदेश व प्रदेश की जनता के आर्थिक विकास में हर संभव योगदान देने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के उच्चाधिकारियों से भेंट की । छतीसगढ़ शासन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी बैंक ऑफ़ बड़ौदा को राज्य शासन की ओर से व्यवसाय प्रदान करने एवं हर संभव मदद करने हेतु आश्वासन दिया। सरकार के पदाधिकारियों ने अंचल में नवीनतम शाखाओं के माध्यम से नेटवर्क विस्तार पर बैंक के कार्यपालकों को बधाई दी।

अपने विभिन्न बैठकों की कड़ी में कार्यपालक निदेशक महोदय ने अंचल के कुछ महत्वपूर्ण ग्राहकों से भेंट कर उनके व्यवसाय वृद्धि में बैंक द्वारा और भी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में दिनांक 24.02.2025 की संध्या को रायपुर अंचल के स्टाफ सदस्यों के लिए टाउन हाल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अंचल के लगभग 500 स्टाफ सदस्य शामिल रहे। इस बैठक में विभिन्न मानदंडों में उत्कृष्ट कार्यकर्ता 35 से अधिक स्टाफ सदस्यों को कार्यपालक निदेशक श्री मुदालियर ने सम्मानित किया और अंचल के विकास सहित ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु कई सुझाव दिये।

अपने प्रवास के दूसरे दिन दिनांक 25.02.2025 को आपने अंचल के दुर्ग क्षेत्र स्थित धमधा में नई शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर धमधा के गणमान्य नागरिक, विभिन्न स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक निदेशक श्री संजय विनायक मुदालियर द्वारा 'मास्टर स्ट्रोक' खाता खोलने के लिए क्रिकेट बैट पर हस्ताक्षर किए गए एवं दो ट्रैक्टर लोन की स्वीकृति के तहत ग्राहकों को सांकेतिक रूप से चाबी सौंपी गई।

इन सभी कार्यक्रमों में अंचल प्रमुख महाप्रबंधक श्री दिवाकर पी सिंह, उप महाप्रबंधक, अनुपालन एवं आश्वासन डॉ आर के मोहंती, उप महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख रायपुर श्री किसलय प्रसाद, क्षेत्रीय प्रमुख दुर्ग श्री अनंत माधव, क्षेत्रीय प्रमुख बिलासपुर श्री प्रवीण कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख धमतरी श्री भवानी शंकर परिडा सहित अंचल के सभी उप क्षेत्रीय प्रबन्धक गण, विभिन्न कार्यपालकगण एवं स्टाफ सदस्य शामिल रहे।

युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम : देश की संस्कृति को जोड़ने में सहायक : बृजमोहन अग्रवाल

छत्तीसगढ़ और गुजरात के युवाओं को सांसद ने किया सम्मानित

रायपुर (विश्व परिवार)। नेहरू युवा केंद्र संगठन (NYKS), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (ISYEP) 2024-25 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गुजरात और छत्तीसगढ़ के 60 युवाओं ने रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल के निवास पर भेंट की।

इस अभिनव पहल के माध्यम से विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं का आदान-प्रदान होगा, जिससे राज्यों के बीच आपसी समझ और बंधन को मजबूत किया जा सकेगा। यह कार्यक्रम एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार करते हुए भारत की एकता और अखंडता को प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और भाषा, खानपान तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से परस्पर समझ विकसित करना है।

इस अवसर पर सभी युवा साथियों को माननीय सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने अपने निवास पर आमंत्रित कर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। युवाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि रायपुर देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों में से एक है और अधोसंरचना में भी काफी आगे है। उन्होंने यह भी बताया कि वे स्वयं अपने छात्र जीवन में युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हिस्सा रहे हैं और ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं को सीखने के कई अवसर मिलते हैं, जो देश की प्रगति में सहायक होते हैं।

गुजरात के युवाओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति अत्यंत समृद्ध है और यहाँ के लोग सरल एवं सौम्य स्वभाव के होते हैं। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि गुजरात और छत्तीसगढ़ का पुराना रिश्ता रहा है और एक भारत, श्रेष्ठ भारत परियोजना के तहत दोनों राज्यों के बीच लंबे समय से आदान-प्रदान कार्यक्रम चल रहा है।

गुजरात से आए स्वयंसेवक मनोज, जो नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि हैं, ने कहा कि छत्तीसगढ़ आने से पहले उनकी यहाँ के बारे में एक अलग धारणा थी, लेकिन यहाँ की शानदार मेहमाननवाजी देखकर वे अत्यंत प्रभावित हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जब वे वापस गुजरात लौटेंगे तो छत्तीसगढ़ और यहाँ के लोगों के लिए एक नई सकारात्मक सोच के साथ संदेश लेकर जाएंगे। इस कार्यक्रम में गुजरात के सूरत और नर्मदा जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए, जबकि छत्तीसगढ़ से बस्तर और रायपुर जिलों के प्रतिभागियों सहित कुल 60 से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक श्री अतुल निकम ने माननीय सांसद महोदय का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही ऐसे युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम सफल होते हैं और युवाओं का विकास संभव हो पाता है।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354